# युवक-महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

## दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर हुई घटना, प्रेम प्रसंग होने का शक

संवाददाता मंगलपुर


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलपुर थानाक्षेत्र के दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक युवक व महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चर्चा है कि दोनों मौत की वजह प्रेम प्रसंग हो सकती है।

कंचौसी कस्बे के दीनदयाल नगर मोहल्ला निवासी विक्रमजीत सिंह का पुत्र मृदुल उर्फ विकास (23) और पड़ोस के बदन सिंह की पत्नी रीमा (32) के साथ शनिवार रात दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर अप ट्रैक पर मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं ग्रामीणों की माने तो दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी लिए दोनों ने एक साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि फिलहाल प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है। फिर भी हर पहलू पर जांच जा रही है।


मृदुल।


रीमा।

### झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**रसूलाबाद।** लोहिया नगर निवासी बिस्मिल्लाह (90) पत्नी स्व. अब्दुल गफूर कबीर नगर में अपनी बेटी बदरून के घर पर थीं। शनिवार को वह नहाने के बाद चारपाई पर बैठकर अलाव ताप रहीं थीं। तभी रजाई में आग लगने से वह झुलस गई थी। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद ले गए थे। जहां से डॉ. सौरभ शाक्य ने उन्हें कानपुर रेफर किया था।

# आरोपी धर्म परिवर्तन का डाल रहे दबाव

संवाददाता डेरापुर

● **पीड़ित परिजनों ने थाने पर किया हंगामा, दी जान देने की धमकी**

**अमृत विचार।** डेरापुर में किशोरी को बहलाकर दूसरे समुदाय का युवक अपने साथ ले गया। किशोरी को तलाशने के बाद पुलिस ने परिजनों के हवाले कर दिया, मगर आरोपी पर कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार पर धर्म परिवर्तन का दबाव पड़ने पर रविवार को थाने के बाहर जमकर हंगामा किया। कहा अगर आरोपी युवक पर कार्रवाई नहीं हुई तो जान दे देंगे।

डेरापुर निवासी युवक ने बताया कि बीती 17 जनवरी को उसकी नाबालिक बहन को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर अपने साथ ले गया था। बहन की तलाश के बाद उसने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बहन की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने बहन को गाजियाबाद में पकड़ लिया था। उसे थाने में लाकर परिजनों को सौंप दिया था। उसने बताया कि इसके बाद थाना पुलिस ने आरोपी सहित अन्य लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

इधर आरोपी उनपर धर्म परिवर्तन का दवाब बना रहा है। रविवार को हाथ में पेट्रोल लेकर थाने पहुंचा किशोरी के भाई ने कहा कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो खुद को आग के हवाले कर लूंगा। थाने के बाहर जमकर हंगामा हुआ। इस बारे में थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गुमशुदा लड़की को बरामद कर लिया गया है। उसे मेडिकल के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

# हत्यारों का नहीं लगा कोई सुराग

**अमृत विचार फॉलोअप**

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** अमराहट थाना क्षेत्र के कैनाल नहर में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। युवक की ईंट से कुचलकर हत्या की गई थी। पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज किया है, लेकिन घटना में अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

मूलरूप से औरया के पाता गांव निवासी इमरान (22) मौजूदा समय में सिकंदारा थानाक्षेत्र के खोजाफूल में अपने मामा के यहां रहकर बाल काटने की दुकान किए था। शुक्रवार रात वह घर से किसी काम से निकला था। शनिवार सुबह उसका शव अमराहट थाना क्षेत्र में कैनाल नहर में पड़ा मिला था। शव के समीप ही एक खून लगा पत्थर भी मिला था। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले पत्थर से कुचलकर इमरान की हत्या की गई। बाद में शव नहर में फेंका गया।

● **पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है, लेकिन आरोपियों के बारे में अभी कोई सुराग नहीं लगा सकी है। थाना प्रभारी जीतमल ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए टीमें लगी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार इमरान का सिर कुचला गया था। माथे व सीने पर चोट के निशान मिले हैं। मौत का कारण अधिक खून बहना बताया जा रहा है।

### पुलिस से दूर हत्यारे, कई हिरासत में

**अमृत विचार फॉलोअप**

**रूरा।** उलरापुर गांव में शुक्रवार को किशोर की पैसों के लेनदेन के चलते गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शव को कुंए में फेंक दिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोर की मौत अधिक खून बहने के कारण हुई है। उलरापुर गांव के करन यादव के पुत्र अनुज (15) की गला रेतकर हत्या की गई थी। सूचना पर पुलिस ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। मगर घटना के 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस आरोपियों की पहचान तक नहीं कर सकी है। वहीं सुरक्षा के लिहाज से तीसरे दिन भी गांव में पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पूछताछ कर रहे हैं। शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अनुज के गले पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। जिससे उसकी श्वास और अहार नली कट गई थी। उसके शरीर के निचले हिस्से में तीन चोटें भी मिली हैं। अधिक खून बहने के कारण किशोर की मौत हुई है।

### हादसों में तीन लोग घायल

**रनियां/सिकंदरा।** रूरा के इंदरुख निवासी अनिल कुमार रविवार सुबह बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह रनिया के मंटोरा पुल के समीप पहुंचे, तभी कार सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। रनिया एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि कार चालक को पकड़ लिया गया है। उधर, अकबरपुर के पातेपुर गांव निवासी कल्लू रविवार दोपहर बाइक से संदलपुर जा रहे थे। गुरदही के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे जगन्नाथपुर निवासी अजय कुमार की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।


प्राणी उद्यान का भ्रमण करते बच्चे। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं ने प्राणी उद्यान का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** नमामि गंगे परियोजना के तहत जिला गंगा समिति कानपुर देहात के तत्वाधान में रविवार को शिवसहाय इंटर कॉलेज कौरु जलालपुर ब्लॉक संदलपुर की बच्चों को नेचर भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्राणी उद्यान कानपुर नगर में भ्रमण कराया गया। मुख्य वनरक्षक कानपुर मंडल कृष्णा कुमार सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं को कछुआ, डॉल्फिन, घड़ियाल, मगरमच्छ के संरक्षण व रखरखाव, भोजन आदि के प्रति जागरूक किया गया। गंगा व उनकी सहायक नदियों में पाए जाने वाले कुछ प्रजातियों जैसे मोरपंछी, सुंदरी, कतावा, चित्रा, मुरैनिया के बारे में बताया गया। प्राणी उद्यान में स्थित अनुभूति केंद्र में छात्र-छात्राओं ने जीवों को जाना कि किस तरह से नदियों में जीवों पर प्लास्टिक का असर होता है। कार्यक्रम मे मौजूद भारतीय वन्य जीव संस्थान के राम तिवारी ने छात्राओं को गंगा पैनल के बारे में बताया। रविवार सुबह पंचायत भवन जलालपुर से ग्राम प्रधान निधि कटियार ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया व स्वयं बच्चों का हौंसला बढाने के लिए साथ गईं। प्रधान निधि कटियार ने नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत कराए जा रहे कार्यक्रमों को सराहा।

# आज से सुबह नौ बजे से खुलेंगे परिषदीय स्कूल

**कानपुर देहात।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालय सोमवार से सुबह नौ बजे से खुलेंगे।

शासन ने मौसम खुलने के साथ ही स्कूल का समय पूर्व निर्धारित समय पर कर दिया गया है। प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए 23 जनवरी से परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक कर दिया गया था। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि सोमवार से परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालय पूर्व में तय किए गए समय सुबह नौ से तीन बजे तक संचालित किए जाएंगे।

## कायाकल्प प्रमाणन समारोह का अयोजन

**रनिया।** नगर पंचायत रनिया के चिटिकपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को कायाकल्प प्रमाणन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह रहे। रनियां पीएचसी प्रभारी डॉ. विशाल भसीन ने सीएमओ को बुकें भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में चेयरमैन विटान दिवाकर, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बालजी शुक्ला, चेयरमैन प्रतिनिधि रामकिशोर दिवाकर, डॉ. सिद्धार्थ गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 19 वाहनों की नीलामी में 76 हजार की लगी बोली

**रूरा।** थाना परिसर में लावारिस खड़े 19 वाहनों की नीलामी रविवार को हुई। नीलामी में 35 लोगों ने पहुंचकर अपनी बोली लगाई। भोगनीपुर के इकबाल ने सबसे अधिक 76 हजार रुपये की बोली लगाई। नीलामी में थाना प्रभारी अजय कुमार पाठक, एसएसआई देवनारायण द्विवेदी, हेड मोहर्रिर राजकुमार आदि मौजूद रहे।



अंग वस्त्र भेंटकर अरुणपुरी चैतन्यपुरी महाराज का स्वागत करते पूर्व प्रधान।

# मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हुआ भंडारा

संवाददाता रनिया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत रनियां में आस्था का केंद्र मां कनखिया देवी मंदिर प्रांगण में शनि देव की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद समाजसेवी व पूर्व प्रधान अशोक मिश्रा ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें कानपुर पनकी मंदिर के महंत कृष्ण दास महाराज सहित कई संत पहुंचे और भक्तों को आशीर्वाद दिया। मां कनखिया देवी प्रांगण में शनिवार को शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। रविवार को भंडारे का आयोजन हुआ।

महंत कृष्ण दास महाराज ने कहा कि शनि देव ही ऐसे देवता है जो सभी का कल्याण करते हैं। इस अवसर पर सुनील मिश्रा, राकेश गुप्ता, नारायण तिवारी, नितिन गुप्ता, सोनू मिश्रा, ज्ञानू मिश्रा, राहुल मिश्रा, कल्लू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आर्थिक तंगी में अधेड़ ने फांसी लगाई

संवाददाता रनिया


रोते-बिलखते अधेड़ के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गजनेर थाना क्षेत्र के सीधामऊ गांव निवासी अधेड़ ने आर्थिक तंगी के चलते बबूल पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


चंद्रपाल।

गजनेर थाना क्षेत्र के सीधामऊ निवासी चंद्रपाल कश्यप (50) सीधामऊ मोड़ के पास चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरणपोषण करते थे। रविवार सुबह वह किसी काम के सिलसिले में घर से बाहर गए थे। काफी देर बाद उनके घर वापस न आने पर तलाश की गई तो गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर उनका शव लटका मिला। सूचना पर ग्रामीण एकत्र हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं पिता की मौत से बेटा रोहित व मोहित का रो-रोकर बुरा हाल है। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे उतारकर लोगों से पूछताछ की। थाना प्रभारी गजनेर ने बताया कि अर्थिक तंगी की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल, कानपुर रेफर

**रसूलाबाद।** तरौली बंबा के समीप तेज रफ्तार वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्श चालक जगम्मनपुर धीर गांव निवासी जाबिर अली (27) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन मौके से भाग निकला। राहगीरों ने एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद निजी वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद पहुंचाया। जहां डॉ. सौरभ शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हैलट रेफर कर दिया।

अभियान — शत-प्रतिशत दवा खिलाने का होगा प्रयास

# फाइलेरिया उन्मूलन को बांटी दवा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

### ऐसे करें फाइलेरिया से बचाव

फाइलेरिया चूंकि मच्छर के काटने से फैलता है इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आस-पास व अंदर साफ-सफाई रखें। पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर रहें। सोते वक्त हाथों और पैरों पर व अन्य खुले भागों पर सरसों या नीम का तेल लगाएं। हाथ या पैर में कही चोट लगी हो या घाव हो तो उसे साफ रखें। साबुन से धोएं और फिर पानी सुखाकर दवा लगाएं।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान जिले में 28 फरवरी तक चलेगा। इसके तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इस बार शत-प्रतिशत लाभार्थियों को दवा खिलाने का प्रयास हैं। जिले के परिषदीय स्कूलों के लगभग 1.5 लाख बच्चों को भी फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई जाएगी।



विद्यालयों में एमडीए आईडीए के कार्यक्रम के महत्व के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाएगा। विद्यालयों में ही फाइलेरिया रोधी औषधि का सेवन कराया जाएगा। यह औषधि मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने के बाद बच्चों को खिलाई जाएगी। बच्चों में जागरुकता के लिए निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। जनपद के समस्त विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के अभिभावक व अध्यापक के व्हाट्सएप ग्रुप में फाइलेरिया से बचाव हेतु वीडियो व संदेश को साझा किया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों को व्यक्तिगत रूचि लेकर कराए जाने हैं। जिससे जनपद में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

**पूरी तरह सुरक्षित है दवा :** फार्मासिस्ट राजेश कटियार ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। रक्तचाप, शुगर व अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति भी इन दवाओं का सेवन कर सकते हैं।

एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं खिलाई जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है। आमतौर पर फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। हालांकि बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आसपास दर्द व सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन भी फाइलेरिया के लक्षण हैं। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैरों में हाथी के पांव जैसी सूजन आ जाती है, इसलिए इस बीमारी को हाथीपांव कहा जाता है। वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।



# बच्चों पर वायरल अटैक, टॉन्सिल्स की भी समस्या

## पांच वर्ष के बच्चों में अधिक समस्या, जिला अस्पताल में रोजाना पहुंच रहे हैं 10 से 15 संक्रमित बच्चे

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



जनरल वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्दी के मौसम में छोटे बच्चों पर वायरल अधिक अटैक कर रहा है। अधिकांश बच्चों को टॉन्सिल्स की समस्या आ रही है। जिला अस्पताल में रोजाना 10-15 बच्चे बीमारी से पीड़ित पहुंच रहे हैं। कुछ वयस्कों में भी टॉन्सिल्स में सूजन की शिकायत आ रही है। ऐसे मरीजों को डॉक्टर ठंडी व बादी चीजों से परहेज की सलाह दे रहे है।

सर्दी के मौसम में सर्दी, जुकाम व गले में खरास आम बात है। लेकिन इस समय अस्पताल में गले की खराश के कई ऐसे मामले आ रहे हैं। जो डॉक्टरों को परेशान कर रहे हैं। गले दर्द के कई मामलों में मरीजों को टॉन्सिल्स में सूजन की समस्या आ रही है। डॉक्टरों के अनुसार 0 से 5 वर्ष के बच्चों में अधिक समस्या आ रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डा. मूलचन्द्रा ने बताया कि इस समय ओपीडी में रोजाना 10 से 15 बच्चों में टॉन्सिल्स यानी गलसुआ में सूजन की समस्या आ रही है। उन्होंने बताया कि टॉन्सिल्स के मामले में कई लोग घर पर उपचार करना शुरू कर देते हैं। घर पर उपचार न करें।

संबंधित डॉक्टर को तत्काल दिखाएं। टॉन्सिल्स के मामले में ठंडी चीजों से पूरी तरह परहेज करें। जो अभिभावक छोटे बच्चों के टीकाकरण में लापरवाही करते हैं। अक्सर यह समस्या उन्हीं बच्चों को होती है। इसलिए बच्चों को टीका अवश्य लगलाएं। यह वायरल बीमारी है। जो एक से दूसरे में फैलती है। छोटे बच्चों की माताओं को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। वयस्कों को गर्म पानी में हल्का नमक डालकर गरारा करने से आराम मिलता है।

### टॉन्सिल्स के लक्षण

- गले में तेज दर्द होना
- खाना निगलने में काफी दिक्कत होना
- कान के निचले हिस्से में दर्द होना
- जबड़े के निचले हिस्से में सूजन आ जाना
- गले में खराश महसूस होना
- कमजोरी, थकान और चिड़चिड़ापन होना
- छोटे बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होना

- बदलते मौसम के कारण बढ़ रही है समस्या

टॉन्सिल्स जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में गलसुआ कहा जाता है। अधिकांश बच्चों में यह टीकाकरण की कमी से होते हैं। बच्चों का नियमित टीकाकरण कराएं। यह वायरल इंफेक्शन है। जो एक से दूसरे में फैलता है। ठंडी चीजों से परहेज रखें। घर पर उपचार न कर डॉक्टर से संपर्क करें।

-डा. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

### गले में दर्द, हो सकते हैं टॉन्सिल्स

सर्दी के मौसम में लोगों की दिनचर्या गड़बड़ा जाती है। गरम- ठंडा खाना गले की समस्या बढ़ा देता है। सर्दी जुकाम के लक्षण बढ़ जाते हैं। जिसके चलते कई बार गले में दर्द की समस्या पैदा हो जाती है। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि सामान्यत गले दर्द की समस्या 4 से 5 दिन में ठीक हो जाती है। लेकिन यदि गले का दर्द एक सप्ताह के बाद भी ठीक ना हो रहा हो। तो टॉन्सिल की शिकायत हो सकती है। यानी गले में इन्फेक्शन संभव है। टॉन्सिल से व्यक्ति को खाने पीने में समस्या हो जाती है। गली में जकड़न बनी रहती है। छोटे बच्चों में यह समस्या अधिक होती है। कुछ बड़े लोगों को भी टान्सिल्स की समस्या हो जाती है।

# गर्मी का मुकाबला करने को विभाग ने कसी कमर

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** आने वाले महीनों में गर्मी के दौरान लोगों को बिजली का समस्या और फाल्टों की वजह से दिक्कत न हो इसके लिए विभाग ने अभी से तैयार शुरू कर दी है। विभाग ने अपने संसाधनों को दुरुस्त करने पर काम शुरू कर दिया है।

अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में जिले में गर्मी का मुकाबला करने के लिए विद्युत विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसमें सौ केवीए से अधिक क्षमता वाले सभी ट्रांसफार्मरों का संतुलन व लोड चेक किया जा रहा है, जिससे उन्हें गर्मी से मुकाबला करने के लिए तैयार किया जा सके। ट्रांसफार्मरों के रेड, ब्लू व यलो फेस तथा न्यूट्रल को चेक करते हुए उन्हें संतुलित किया जा रहा है। अनुरक्षण माह के तहत विद्युत लाइनों को भी चेक किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद 200 क्षमता वृद्धि वाली जगह नए ट्रांसफार्मर लगाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चार सौ केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करते हुए उनके लोड की जांच की जाएगी। ट्रांसफार्मरों के फेस को बैलेंस कराया जा रहा है। सौ केवीए क्षमता से अधिक चिन्हित ट्रांसफार्मरों की जल्द जांच होगी।

### निर्माणाधीन मकान में लें अस्थाई कनेक्शन

अधीक्षण अभियंता ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले में शासन की मंशा के मुताबिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता भ्रमित न हों। किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे मिलकर अपनी समस्या साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू कनेक्शन से दुकानें न संचालित की जाएं। इसके लिए कामर्शियल कनेक्शन लिए जाएं। निर्माणाधीन मकान व प्रतिष्ठान के लिए अस्थाई कनेक्शन लें।

# तेल माफिया की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश

**फतेहपुर।** तेल माफिया मनोज अग्रवाल की तीन करोड़ 18 लाख 68 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क करने का जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया है। आरोपी के खिलाफ 2019 में तेल चोरी के दो मुकदमे मलवां और कल्यानपुर थाने में दर्ज हुए थे। मनोज मथुरा के फरह थाने के बेरी का निवासी है। आरोपी गैंग के साथ बिहार के बरौनी से मथुरा जाने वाली इंडियन ऑयल की पाइप लाइन तोड़कर चोरी में पकड़ा गया था। मलवां थाना क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। डीएम के आदेश पर प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मथुरा जिले के वैष्णो नगर कालोनी, बांगर, पालीखेड़ा, बाकलपुर स्थित प्लाट, बाकलपुर स्थित मकान, दुकान, बाके में खेत, बांगर अंदरून जमुनाधाम एक्सटेंशन कॉलोनी में दो प्लाट चिह्नित किए हैं। एडीएम अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि इन जगहों की चल व अचल संपत्ति कुर्क होगी।

# झोड़पी में आग, बुजुर्ग की जलने से मौत



मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता असोथर

- नलकूप में छप्पर के नीचे सोया था बुजुर्ग किसान
- सुबह हुई जानकारी पर परिजनों में मचा रहा कोहराम

**अमृत विचार।** नलकूप के बाहर छप्पर के नीचे अलाव जलाकर सोया एक बुजुर्ग आग की चपेट में आ गया। बता दें कि रखे छप्पर में अलाव के चलते आग लग गई और जलता हुआ छप्पर सो रहे किसान के ऊपर गिर गया। जिससे उसकी वहीं जिंदा जलकर मौत हो गई। सुबह हुई जानकारी से परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

असोथर थाना क्षेत्र के तबली का डेरा मजरे जरौली गांव निवासी रामराज (70) गांव में खेती किसानी करते थे। मृतक के बेटे राजू ने बताया कि पिता नलकूप में ही रहते थे। शनिवार रात को खाना खाकर छप्पर के नीचे अलाव जलाकर तापकर सो गए थे। जिससे रात में अचानक नलकूप के छप्पर में आग लग गई और जलता हुआ छप्पर उनके ऊपर गिर गया। जिसकी चपेट में वह आ गए और मौके पर किसी के न होने से उनकी जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई। सुबह परिजन नलकूप पर पहुंचे तो वहां का नजारा देख दंग रह गए और उनकी चीख निकल गई। खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मौके पर नायब तहसीलदार अरविंद्र कुमार, लेखपाल प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी विनोद कुमार मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। मृतक के छह पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

# कुएं में फेंकी गई युवती के शव की हुई शिनाख्त

संवाददाता फतेहपुर

- पहचान के बाद पुलिस ने परिजनों से की पूछताछ
- सात फरवरी को सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में मिली थी लाश

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव स्थित कुएं सात फरवरी को हत्या कर फेंके युवती के शव की शनिवार को पहचान हुई है। युवती की पहचान केतकी देवी के रूप में पिता भज्जी पासवान ने की है। पहचान के बाद की पुलिस की जांच की दिशा बदली है। जांच में परिजनों की इर्द-गिर्द घूमने लगी है।

मृतका हसनपुर कसार गांव के कल्लू बाबा का पुरवा की रहने वाली थी। परिजनों के मुताबिक एक माह पहले वह बड़ी बहन के घर गई थी। इसके बाद से लापता हो गई। वह लोग अपने स्तर से तलाश कर रहे थे। कोई पता नहीं लग रहा था। शव की हालत खराब होने की वजह से पहचान नहीं सके। पुलिस को कुएं से ईंट भरी बोरी मिली थी। बोरी में कुएं के पास बने पुराने टैंक की ईंट मिली थी। बोरी पुष्टाहार की थी। पुलिस को शव स्थानीय होने का शक हुआ। इसी आधार पर पुलिस ने हर गांव में अपने तंत्र सक्रिय किया। मृतका का गांव में एक सहेली है। शव मिलने के बाद उसने अपने घर में केतकी के कई दिनों से न दिखने की चर्चा की। कुछ दिन पहले ही उसके साथ केतकी कपड़े सिलवाने दौलतपुर गांव स्थित टेलर के पास गई थी। वह दोनों प्रतिदिन हैंडपंप में पानी भरने जाती थी।

कई दिन से पानी भरने केतकी नहीं पहुंची थी। बहन की सुनी बातों को भाई ने चौकी के एक सिपाही को दी। पुलिस केतकी के घर पूछताछ को पहुंची। पुलिस ने केतकी के पिता, मां, दो बहनों, बहनोई, भांजा से अलग-अलग बयान लिए। परिवार के सदस्यों के बयानों में संदिग्धता प्रतीत होने पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया।

# बुजुर्ग का खेत में पड़ा मिला शव

संवाददाता फतेहपुर

- बुजुर्ग की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी
- तंबाकू लेने जाने की बात कहकर घर से निकले थे

**अमृत विचार।** एक दिन पूर्व घर से निकले एक बुजुर्ग घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तलाश की। रविवार सुबह गांव के एक खेत में उनका शव पड़ा देख हड़कंप मच गया। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मिर्गी की बीमारी भी थी। पुलिस ने बताया कि सर्दी लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के सौंह गांव निवासी राम सुचित कुशवाहा गांव में खेती किसानी करते थे। चचेरे भाई नेकेलाल ने बताया कि राम सुचित के पुत्र चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। तभी से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। उन्हें दौरे भी आते थे। शनिवार को वह घर से तंबाकू लेने जाने के लिए कह कर निकले थे फिर वह घर नहीं पहुंचे थे। रविवार सुबह जानकारी मिलने पर परिजन गांव के एक खेत में पहुंचे, जहां उनका शव पड़ा था। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी कल्यानपुर रमाशंकर सरोज ने बताया कि बुजुर्ग की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी व मिर्गी की बीमारी से भी ग्रसित थे। आशंका है शौच क्रिया के लिए खेतों की तरफ गए थे तभी उन्हें सर्दी लग गई और उनकी मौत हो गई। बताया कि शरीर में कहीं कोई चोट के निशान भी नहीं मिले हैं।

### बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रहे बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के थाने के पास रोड पर कर रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप मढ़ा है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी स्व. गजराज का पुत्र बृजलाल शनिवार की शाम किसी काम से थाने के पास हाईवे पार कर रहा था। तभी रोड से निकले बाइक सवार ने उसको ज़ोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बृजलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे उपचार के लिए भर्ती कर लिया। जहां रविवार भोर पहर वार्ड में उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र राम बाबू की पत्नी सरोज देवी ने जिला अस्पताल के डॉक्टर व मेडिकल स्टॉफ पर आरोप लगाते हुए बताया कि जिला अस्पताल के डॉक्टर से कहा कि अगर मरीज की हालत ठीक न हो तो रेफर कर दें। मगर डॉक्टर ने नहीं सुनी। रात भर उनका कोई इलाज नहीं किया। इलाज के अभाव में मरीज़ की मौत हो गई। स्टॉफ से शिकायत किया तो महिला स्टॉफ नर्स बदसलूकी करने लगी। मौत के चार घंटे बाद रात का स्टॉफ सुबह आठ बजे चला गया। दूसरा स्टॉफ के आने पर स्थानीय पुलिस चौकी में जाकर शिकायत की। तब चौकी इंचार्ज ने आकर शव को पोस्टमार्टम के लिए माच्युरी हाउस पहुंचवाया। अस्पताल के डॉक्टर और स्टॉफ की घोर लापवाही की वजह से ही मरीज की मौत हुई है।

## एक नजर

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने अमित शिवहरे



अमित शिवहरे।

**फतेहपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने शहर के रहने वाले अमित शिवहरे को कानपुर-बुन्देलखंड क्षेत्र से संघठन में फतेहपुर के जिलाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। अमित शिवहरे को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनने पर उनके तमाम समर्थकों व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### छत से गिरकर गर्भवती महिला गंभीर

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सलेमाबाद गांव निवासी दुर्गेश की पत्नी नीशु देवी आठ माह की गर्भवती है। रविवार को किसी काम से वह अपने घर की छत पर गई थी। तभी वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। छत से गिरने की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना की सूचना एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस झाऊपुर पुलिया के पास रहने वाले शंकर पासवान के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। बताया कि वह हिस्ट्रीशीटर भी है। वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार को रेलवे अण्डर पास बक्सपुर के पास से आरोपी गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली थाना क्षेत्र के पनई इनायतपुर गांव निवासी देवेंद्र सिंह का पुत्र शिवम सिंह बाइक पर सवार होकर कर रविवार सुबह खागा कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में अपनी पत्नी राधा देवी को आरओ समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दिलाने जा रहा था। जब वह कोतवाली क्षेत्र स्थित बाईपास पर पहुंचा तभी कंटेनर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे पति-पत्नी घायल हो गए। घटना की सूचना एम्बुलेन्स को दी गई। एम्बुलेन्स घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची।

# दो सौ वर्ष पुरानी बजरंग बली की मूर्ति चोरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बहुआ कस्बे में मंदिर में रखी दो सौ वर्ष पुरानी हनुमान जी की पत्थर की मूर्ति को चोर चोरी कर ले गए। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ललौली थाना क्षेत्र के कोर्राकनक के छोटी धोबिया गांव निवासी गजेंद्र सिंह के मकान के पास एक मंदिर है। यहां रखी 200 वर्ष पुरानी हनुमान जी की पत्थर की मूर्ति को रात में चोर चोरी कर ले गए। मूर्ति चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सूचना पर पहुंचे दतौली चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया है। पीड़ित गजेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 200 वर्ष पहले उनके पूर्वज स्व. रामाधार सिंह ने घर के सामने चबूतरा बनवाकर हनुमान जी की पत्थर की मूर्ति लाकर प्राण प्रतिष्ठा करवाई थी। इसके बाद करीब 30 वर्ष पहले परिवार के सहयोग से चबूतरे के स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर में प्रतिवर्ष 15 फरवरी को वार्षिक पूजा का भी आयोजन किया जाता है। पीड़ित गजेंद्र सिंह ने दतौली चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार यादव को मूर्ति चोरी की तहरीर दी है। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है।

# हाईवे पर संतरा से लदा ट्रक पलटा

संवाददाता थरियांव



हाईवे पर पलटा संतरा लदा ट्रक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर प्रयागराज हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक लेकर जा रहा चालक का नियंत्रण खोने से ट्रक पलट गया। ट्रक में लदा संतरा सड़क पर फैल गया। जिसको लूटने के लिए आस पास भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर बाद जेसीबी मशीन के मदद से ट्रक को हाइवे से हटाकर किनारे किया।

थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा गांव गांव के पास हाईवे पर कानपुर की ओर से तेज रफ्तार में प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रक चालक ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और बीच हाइवे पर पलट गया। ट्रक के पलटने पर उसमें लदा संतरा सड़क पर फैल गया। संतरा की लूट के लिए आस पास के लोग और राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर भीड़ कम हो गई। पुलिस ने जेसीबी मशीन के मदद से हाइवे से ट्रक को किनारे कर घायल चालक का जिला अस्पताल में इलाज कराया। ट्रक चालक कृष्णा ने बताया कि वह जलावर राजस्थान से ट्रक में संतरा लादकर कलकत्ता जा रहा था। सामने से बाइक सवार के आने बचाने के चक्कर में पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय ट्रक पलट तहस उस समय दो बाइक सवार चपेट में आने से बच गए। नहीं तो हादसे में जान भी जा सकती थी। थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि चालक को मामूली चोट आयी है। जिला अस्पताल भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी और दो युवतियों के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट

**फतेहपुर।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दुष्कर्म की तीन घटनाओं का पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया हैं। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले किसान ने बताया कि 21 अक्टूबर 2023 को उसकी नाबालिग पुत्री घर में सो रही थी। देर रात गांव का गुड्डू घर में घुस आया। जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। किशोरी के परिजन आरोपी के घर उलाहना देने पहुंचे तो गुड्डू उसके पिता धीरेन्द्र, रिश्तेदार प्रकाश और मुकेश गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर भगा दिया। वहीं थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने एफ आई आर में बताया कि 29 दिसम्बर 2023 को सुबह छह बजे वह खेत में सेम तोड़ने जा रही थी। रास्ते में गांव का सूरज सिंह उसे घसीटकर अरहर के खेत में ले गया। उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर हथगाम थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ओरमा निवासी अजीत कुमार से उसकी मुलाक़ात हुई थी। आरोपी 13 अक्टूबर 2022 की शाम को उसे गांव के बाहर बुलाया। शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### सूरत में काम कर रहे किशोर की मौत

**औंग।** थाना क्षेत्र के अकबरखेड़ा निवासी शिवभरोसे का साला सुनील पुत्र दत्तू निवासी खबरा थाना असोथर सूरत स्थित एक कम्पनी में काम करता था। शुक्रवार को मोबाइल से सूचना मिली की उसकी मौत हो गई है। आनन-फानन शिव भरोसे सूरत रवाना हो गए। जब तक पहुंचते तब तक शव का पोस्टमार्टम हो गया था। मृतक का शव लेकर शिवभरोसे वापस अकबरखेड़ा आ रहे हैं। परिजनों बताया कि रविवार की रात तक आ जायेंगे। मृतक बचपन से अपनी बहन रीना की ससुराल अकबरखेड़ा में ही रहता था और यहीं से पैसा कमाने की ललक उसे सूरत खींच ले गई। शव आने के बाद अंतिम संस्कार से पूर्व स्थानीय थाने में रिपोर्ट करने की बात परिजनों ने कही है।

खिले चेहरे | आसमान में मंडराते रहेंगे हल्के बादल, हवाओं से रहेगा मौसम सर्द

# तेजी से बदल रहा मौसम, धूप ने दी राहत

संवाददाता फतेहपुर



धूप निकलने के बाद पार्क में खेलते बच्चे। अमृत विचार

- चार दिन से निकल रही धूप से सर्दी के तेवर हुए कमजोर
- बाजारों में भी कई दिनों बाद दिखी रौनक

**अमृत विचार।** जनपद में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। पिछले तीन दिन से निकल रही धूप से सर्दी के तेवर कमजोर पड़ गए हैं। रविवार को भी धूप निकलने से गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल दिखी। लोग घरों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आंनद लेते दिखे। वहीं हवा की रफ्तार धीमी रहने के बाद भी पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। शाम होते ही सर्दी फिर से बढ़ गई।

जिले में तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। वहीं मौसम के तेवर भी तेजी से बदल रहे हैं। शनिवार रात में पारा सामान्य से करीब एक डिग्री नीचे रहने के बाद भी ठंडी हवा लोगों को सर्दी का अहसास कराती रही। रविवार को भी ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। लेकिन सुबह आठ बजे से ही धूप निकलने से गांवों से लेकर कस्बों तक चहल पहल बढ़ गई। लोग घरों से बाहर निकलकर धूप का आंनद लेते दिखे। जबकि स्कूल आए बच्चों की धूप में क्लास लगाई गईं। वहीं बाजारों में कई दिनों बाद रौनक दिखी। इधर कई दिन बाद हवा की रफ्तार भी सुस्त रही। धूप निकलने के बाद भी पारा सामान्य से करीब एक डिग्री नीचे रहा। शाम को चलने वाली ठंडी उत्तर पश्चिमी हवा ने फिर से मौसम को सर्द कर दिया।

### 14 को होगी बारिश

कानपुर सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने बताया है कि जनपद में अभी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। दिन में धूप निकलने के साथ ही आसमान में हल्के बादल मंडराते रहेंगे। उन्होने 14 फरवरी को गरज चमक के साथ बारिश होने की भी संभावना जताई।

### बदल रहे मौसम से राहत पर बढ़ रही बीमारी

जनपद में मौसम बदल रहे मौसम से जहां सर्दी से राहत मिली है, लेकिन बीमारी का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। सुबह शाम व रात में हो रही सर्दी में थोडी से लापरवाही से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। रविवार को ओपीडी बंद होने के कारण जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ऐसे मरीज पहुंचते रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, घर में कोहराम

संवाददाता फतेहपुर

- परिजन बोले, कुष्ठ रोग से ग्रसित होकर दी जान
- सुबह हुई जानकारी तो घर में जुटे लोग



मामले की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक बुजुर्ग ने घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता कुष्ठ रोग से ग्रसित चल रहे थे। बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव के रहने वाले बलराम (65) शनिवार रात घर के अंदर संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह देर तक बाहर न निकलने पर उनका बेटा कमरे में गया तो फांसी पर पिता का शव लटका हुआ था। मृतक का बेटे शिव प्रताप के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र शिव प्रताप ने बताया कि पिता कई साल से कुष्ठ रोग से ग्रसित चल रहे थे और उनका इलाज कराया जा रहा था। रात में सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए और सुबह छह बजे जब वह कमरे में गया तो कुंडी खुली हुई थी। दरवाजा खोला तो पिता का शव फांसी के फंदे पर लटका था। कोतवाली पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनके पिता बीमार चल रहे थे और फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर गए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## महिलाओं के साथ टप्पेबाजी, जेवर उड़ाए


घटना को बताती महिला। अमृत विचार

**छिबरामऊ।** नगर के पीपल चौराहा के पास दो महिलाओं के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने टप्पेबाजी कर सोने के आभूषण उड़ा दिए। पीड़ित महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सहनी निवासी कमलेश पत्नी सतीश ने बताया कि वह ग्राम लड़ैता निवासी सरिता पत्नी सर्वेश के साथ रविवार को नगर में अल्ट्रासाउंड के लिए आई थी। यहां से वापस जाते समय नगर के पीपल चौराहा के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ टप्पेबाजी करते हुए कानों के झाले व मंगलसूत्र ले लिए। महिला जब तक कुछ समझ पाती तब तक टप्पेबाज मौके से फरार हो चुका था। कोतवाली पहुंची महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# 250 मतदान केंद्रों की होगी वेब कास्टिंग

**लोकसभा चुनाव 2024**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारी मतदान केंद्रों पर लाइव नजर रखेंगे। इसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 250 से अधिक मतदान केंद्रों की लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। जिला प्रशासन ने संवेदनशील, अतिसंवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस बूथों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस महकमे से भी इस बारे में रिपोर्ट मांगी गई है।


बूथ का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद व अन्य।

- संवेदनशील, अतिसंवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस बूथों को चिह्नित करने का काम शुरू
- बूथों पर लगाए जाएंगे हाई डेफिनीशन कैमरे, लाइव मतदान देखेंगे चुनाव अधिकारी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब ऐसे बूथों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां पहले बवाल हो चुका है। इनको संवेदनशील की श्रेणी में रखा जाएगा। वहीं, जहां मतदान के दौरान हिंसा हुई या किसी की हत्या हो गई, उन बूथों को अतिसंवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस श्रेणी में रखा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस बारे में जिले के सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों से रिपोर्ट भी मांगी है। इनमें पहले से चिन्हित अतिसंवेदनशील बूथों का भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अति संवेदनशील बूथों की निगरानी के लिए वहां हाई डेफिनीशन कैमरे लगाए जाएंगे और मतदान की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। सभी कैमरे ऑनलाइन होंगे, जिससे निर्वाचन आयोग के अधिकारी दिल्ली या लखनऊ से जिले में मतदान की स्थिति पर नजर रख सकेंगे।

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बनेगा पिंक बूथ :** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनाया जाएगा। इसमें पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों समेत सुरक्षा कर्मी भी महिलाएं हीं होंगीं। बूथों को पिंक कलर से सजाकर आकर्षक बनाया जाएगा, जहां बच्चों के लिए खिलौने रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पिंक बूथों का चयन कर रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी।

**डीएम-एसपी ने देखी बूथों की हकीकत**

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने शहर के कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाएं देखीं। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी पोलिंग बूथों पर बिजली, पीने का पानी व शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा जिन स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वह चालू हालत में होने चाहिए।

# टूटी उम्मीदों से कैसे पार होगी 'वैतरणी'

इरा अवस्थी, कन्नौज

- लोस चुनाव की घोषणा से पहले ही जिले में बढ़ने लगा राजनीतिक पारा
- इससे पहले तीन बार ही चुने गए थे स्थानीय सांसद
- सवाल यह कि चुने गए जनप्रतिनिधियों ने किया क्या

**अमृत विचार।** इस साल 18वें लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जैसे-जैसे दिन खिसक रहे हैं वातावरण के साथ ही राजनीतिक पारा भी चढ़ना शुरू हो चुका है। जनता भी हिसाब किताब लगाने लगी है कि मौजूदा जनप्रतिनिधि जिनको इतनी उम्मीदों से चुना उन्होंने आखिर धरातल पर क्या किया? कारण उनके कराए कार्य तमाम प्रयास के बाद भी लोगों को खुली आंखों से नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में टूटी उम्मीदें चुनावी वैतरणी पार करा सकेंगी इसको लेकर संशय है। हालांकि मोदी-योगी का नाम और काम संजीवनी का काम कर सकता है।

बता दें कि कन्नौज संसदीय सीट वर्ष 1967 से ही वीआईपी की श्रेणी में रही है। तब सोशलिस्ट पार्टी से डॉ. राममनोहर लोहिया यहां के सांसद चुने गए थे। वर्ष 1984 में कांग्रेस से शीला दीक्षित और फिर 1999 में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव यहां से लड़े और जीते। फिर 2000 के उपचुनाव में उनके द्वारा खाली की गई इस सीट से पुत्र अखिलेश यादव ने राजनीतिक सफर प्रारंभ किया। तबसे लगातार 2019 तक यह सीट वीआईपी कुर्सी पर डटी रही। इन तीनों ने कन्नौज के विकास के लिए भरपूर काम किए जो अब तक दिखते हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में अखिलेश की पत्नी व दो बार की सांसद डिंपल यादव को कड़ी टक्कर देते हुए स्थानीय निवासी सुब्रत पाठक ने यह सीट अपने नाम की। उनके जीतने से यहां की जनता को उम्मीद बंधी थी कि स्थानीय होने से यहां सैफई की तरह ही विकास के काम होंगे लेकिन समय बीतने के साथ यह उम्मीदें धराशायी होती नजर आईं। बड़ी बात यह है कि स्थानीय के नाम पर साल 1977 में लोकदल से राम प्रकाश त्रिपाठी, 1989 व 1991 में जनता दल से छोटे सिंह यादव के बाद यह चौथा मौका था जब कन्नौज के युवा को सांसद चुना गया। बीती तीन फरवरी को बोर्डिंग मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने मंच से मौजूदा सांसद को मजबूत करने का आह्वान किया। ऐसे में कहीं न कहीं इस बात को बल मिल रहा है कि वे दोबारा यहां की जनता की अदालत में होंगे। ऐसे में जनता भी चर्चा करने लगी है कि बेशक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश व प्रदेश की जनता के लिए खूब काम किया। राम मंदिर का बरसों पुराना इंतजार भी खत्म किया लेकिन कन्नौज की जनता के लिए खासतौर पर जनप्रतिनिधि द्वारा कराए गए काम नहीं दिखाई दे रहे। पूछने पर लोग सपा द्वारा कराए विकास के काम गिना देते हैं और भाजपा के नाम पर 'राम' का नाम लेकर आगे बढ़ जाते हैं। एक सवाल – तो फिर जीतेंगे कैसे ? पर लोग कहते हैं राम ही जिताएंगे। लगता है कि मोदी और योगी के नाम-काम के सहारे चुनावी नैया पार लगी तो लगी।

# हल्द्वानी बवाल को लेकर हेट स्पीच, युवक गिरफ्तार

## आरोपी सोशल मीडिया पर कर रहा था भड़काऊ बयानबाजी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए सांप्रदायिक बवाल को लेकर शहर भड़काऊ बयानबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। उसके पोस्ट को समुदाय विशेष के लोगों ने शेयर और लाइक करना शुरू किया तो इसकी भनक पुलिस को लगी। पुलिस टीम सक्रिय हुई और से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक समुदाय विशेष को भड़काने का प्रयास कर रहा था। पुलिस की सोशल मीडिया सेल की निगरानी टीम के हाथ उसके वीडियो हाथ लगे थे।


मोहम्मद सैफ।

हल्द्वानी शहर में सांप्रदायिक बवाल के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर निगरानी तेज कर दी है। जिले में सोशल मीडिया सेल ने देखा कि शहर के मोहल्ला सेखाना निवासी मोहम्मद सैफी नाम का युवक वीडियो बनाकर लगातार पोस्ट कर रहा है। बहुसंख्यक समुदाय के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी थीं। केंद्रा और राज्य सरकार के खिलाफ भी उसने भड़काऊ बयानबाजी वाले वीडियो पोस्ट किए। वह अपनी पोस्ट में सरकार को देख लेने की धमकी भी दे रहा है। उसके वीडियो को समुदाय विशेष के लोगों ने लाइक और शेयर भी किया। सेखाना चौकी प्रभारी दया शंकर पांडेय को सोशल मीडिया सेल ने जानकारी दी और उसके आईपी एड्रेस को खंगालने के साथ ही उसका मोबाइल नंबर पता किया। इसके बाद उसका नाम, घर का पता आदि सामने आ गया। पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपित मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आई। पुलिस के मुताबिक आरोपी सोशल मीडिया पर हल्द्वानी बवाल को लेकर सक्रिय है और लगातार सांप्रदायिक बयानबाजी वाले वीडियो पोस्ट कर रहा था। उसकी मंशा यहां भी माहौल खराब करने की थी। चौकी प्रभारी ने उसके खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि सैफ से पूछताछ की जा रही है और सर्विलांस टीम उसके सोशल मीडिया अकाउंटों की जांच कर रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा अन्य लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। उसे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## दहेज की खातिर किया युवती को प्रताड़ित

**तिर्वा, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर दूसरी शादी करने की धमकी देकर प्रताड़ित किया। पीड़िता ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना ठठिया के रूरा गांव निवासी सरिता पुत्री बेंचेलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके परिजनों ने 11 मार्च 23 को औरैया के विधूना थाना क्षेत्र के कछपुरा गांव निवासी योगेंद्र प्रजापति के साथ शादी की थी। सामर्थ्य के हिसाब से दान-दहेज दिया था लेकिन ससुराली इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ दिन बाद ही पति योगेंद्र, ससुर रामप्रताप, सास रूकमणी, जेठ मनोज, देवर सुशील, सुनीता, अनूप अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। पति ने उसे धमकी दी अगर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न हुई तो जिस तरह पहली पत्नी को छोड़ दिया और दहेज का माल हड़प लिया, उसी तरह उसे भी घर से निकाल कर तीसरी शादी कर लेगा। 26 जून को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उत्पीड़न कर उसे घर से निकाल दिया।

# भाजपा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लाक तालग्राम के ग्राम उमरपुर व खाडेद्वेवर में भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी व नगर उपाध्यक्ष राकेश कौशल ने बूथ समिति का गठन व सत्यापन किया।


बूथ कमेटी का सत्यापन करते जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी। अमृत विचार

- बूथ सत्यापन कर किया योजनाओं का प्रचार प्रसार

जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने बूथ सत्यापन, मतदाता सूची का वाचन, पन्ना प्रमुख सत्यापन, वाट्सएप ग्रुप, पंपलेट वितरित कर प्रचार प्रचार किया। स्थानीय लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि भाजपा सरकार सबको हक व सम्मान देने का कार्य कर रही है। भाजपा सबका साथ सबका विश्वास के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में जनता के बीच आ रही है।

पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर भाजपा की नीतियों व उददेश्यों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान दोनों स्थानों पर रजनी राजपूत, विपिन तिवारी, दुर्विजय, रमेश, सेक्टर संयोजक दीपक कश्यप, बूथ प्रवासी मोहित गिहार, राज गिहार, बूथ अध्यक्ष राजेश दोहरे, अंजीत पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय पाठशाला खोलेगी भीम आर्मी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रविवार को नगर के फर्रुखाबाद रोड पर भीम आर्मी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश प्रभारी सिकंदर बौद्ध ने कहा कि भीम आर्मी जनपद स्तर पर पाठशाला खोलने का कार्य कर रही है। चन्द्रशेखर आजाद गोली लगने के बाद भी समाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भीम आर्मी भारत एकता मिशन बहुजन समाज के हकों के लिए संघर्ष कर रही है। भाजपा संविधान और आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। बैठक में ओमप्रकाश मास्टर ने बसपा छोड़ आजाद समाज पार्टी का दामन थामा। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष छविराम जाटव, प्रभात गौतम, पवन गौतम, अखिलेश, हर्षि, विजय रहे।

## पैतृक मकान निर्माण के बीच दबंग बन रहे रोड़ा

- नहीं करने देते मकान का निर्माण, बिक्री का बना रहे दबाब

**तिर्वा, कन्नौज।** पैतृक मकान का निर्माण कर रही महिला को दबंग काम नहीं कराने दे रहे। महिला कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस के चक्कर काट रही है। थाना ठठिया के बस्ता गांव निवासी रेशमा पत्नी नूरहसन ने पुलिस को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उसके पति की मानसिक हालत सही नहीं रहती है। बच्चे बाहर मजदूरी करते हैं। छह फरवरी को पैतृक मकान का निर्माण करा रही थी। तभी गाँव के दबंग लोग आए और गालीगलौज कर घर मे घुस कर मारपीट की और निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उसने यूपी 112 पर शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाना जाने को कहा। वह थाना पहुची लेकिन दूसरा पक्ष नहीं गया। सात फरवरी को विपक्षी कोर्ट का स्टे ले आये और पुलिस ने महिला के हो रहे निर्माण पर प्रतिबंध लगाकर यथास्थिति कायम रखने को कहा लेकिन विपक्षीगणों ने खुद के स्थगनादेश का उल्लंघन करते हुए 8 तारीख को मकान की ओर निकास फोड़ दिया। वह लगातार ठठिया पुलिस से शिकायत कर रही है लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने बरामद की चोरी की बाइक

**तिर्वा, कन्नौज।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने चेसिस से नंबर प्लेट मिलाई तो वह फर्जी निकली। पुलिस ने चालक से पूछताछ की तो वह कानपुर से बाइक चुराने की बात कबूल की।

अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए एसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ इंदरगढ़ तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी समय बेला की तरफ से काली पल्सर बाइक तेज गति से आती हुई दिखाई दी। चेकिंग देख बाइक सवार ने इंदरगढ़ की तरफ बाइक मोड़ दी। पुलिस को शक हुआ तो बाइक को रोक कर कागज मांगे। बाइक सवार कागज नहीं दिखा सका तो चेसिस नम्बर से प्लेट का मिलान तो बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट मिली। पूछताछ में पकड़े गए थाना ठठिया के ग्राम सरसोन पुरवा निवासी सचिन पुत्र महेंद्र कुमार ने बताया उसने यह बाइक कानपुर नगर के नौबस्ता थाना इलाके से चोरी की थी। प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल नौबस्ता पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि उक्त बाइक 27 मई 23 को गोपाल नगर निकट पूजा ढाबा के पास से चोरी की गई थी।

## जेवर के साथ साली को लेकर जीजा चंपत

**कन्नौज।** शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी की मृत्यु हो चुकी है। उसका दामाद रवि पुत्र जसराम राजपूत निवासी ग्राम अचनकापुर थाना तालग्राम उसकी 17 वर्षीय छोटी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

वह अपने साथ 50 हजार रुपये की नगदी व एक लाख रुपये कीमत के जेवरात भी ले गई है। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

# प्रभार देकर 'जुगाड़' से चल रहा काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नगर शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय व गुगरापुर बीईओ का पद है रिक्त

**अमृत विचार।** जिले में कई विभागों में अधिकारियों की कमी है। दूसरे विभागों के भी अफसरों को अतिरिक्त प्रभार देकर 'जुगाड़' से काम चलाया जा रहा है। कहीं-कहीं विभागीय जिम्मेदार को अधिक जिम्मेदारियां दी गईं हैं। बेसिक शिक्षा, युवा कल्याण और बचत विभाग में कई अधिकारी नहीं हैं।

कन्नौज के बीईओ विपिन कुमार के पास अब नगर क्षेत्र कन्नौज व मुख्यालय का भी अतिरिक्त प्रभार है। गुगरापुर के बीईओ रहे संजय शुक्ल 31 जनवरी को रिटायर हो गए थे, जिस वजह से जलालाबाद के बीईओ शिवेंद्र वर्मा से मुख्यालय का चार्ज ले लिया गया और पड़ोसी ब्लॉक गुगरापुर का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है। बीडीओ उमर्दा का भी पद कई महीनों से रिक्त है। डीसी मनरेगा दयाराम यादव को उमर्दा ब्लॉक की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। पिछले सप्ताह ही जनपद में योगदान आख्या देने वाली पीडीएस दीपांकर आर्या को छिबरामऊ का बीडीओ बनाया गया है। अब तक इस ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी के पास था। युवा कल्याण विभाग में आठ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी तैनात होना चाहिए, लेकिन चार ब्लॉकों में ही अधिकारी हैं। कई साल से चार पद रिक्त चल रहे हैं। मुख्यालय पर भी जिला युवा कल्याण अधिकारी के अलावा कोई जिम्मेदार नहीं है। इसके अलावा जिले में सहायक बचत निदेशक की तो तैनाती कई सालों से नहीं हुई है। इसी तरह आरईडी में एक्सईएन नहीं हैं। यहां का कार्य फर्रुखाबाद के एक्सईएन विनोद कुमार देख रहे हैं। इसके अलावा जिला कृषि रक्षा अधिकारी पद भी रिक्त है। यहां एसडीओ कृषि अविशांक सिंह चौहान के पास भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

## सार-संक्षेप


पत्रकार समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### हीरेंद्र पत्रकार समिति के अध्यक्ष और शकील बने कोषाध्यक्ष

**कन्नौज।** कान्यकुब्ज पत्रकार समिति कन्नौज का वार्षिक चुनाव समिति के निर्वाचन अधिकारी अनिल दुबे के नेतृत्व में निर्विरोध संपन्न हुआ। सरायमीरा स्थित कार्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हीरेंद्र मिश्रा, सचिव शुभेंदु दुबे तथा कोषाध्यक्ष शकील अहमद सिद्दीकी को शपथ दिलाई गई। समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अरुण तिवारी ने सभी को माल्यार्पण किया। निर्वाचन अधिकारी दुबे ने नई समिति से सभी पदाधिकारियों की सूची 15 दिन में तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार स्मरजित अग्निहोत्री, राम लखन शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार सत्येन्द्र सिंह बघेल तथा पूर्व कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता 'शम्मी' आदि उपस्थित थे।

### छिबरामऊ में रोजगार मेला कल

**कन्नौज।** कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक मोहम्मद परवेज ने बताया कि 13 फरवरी को विकास खंड छिबरामऊ में एक दिवसीय रोजगार मेला लगेगा। इसमें पांच कंपनियों की ओर से 410 युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य है। इच्छुक लोग इसमें शामिल हो सकते हैं।



एसबीएस इंटर कॉलेज में बैठक करते डीआईओएस, एसीएमओ व अन्य लोग।

### निजी माध्यमिक विद्यालयों में कृमि मुक्ति दिवस की तैयारी

**कन्नौज।** अब जिले के सभी निजी माध्यमिक विद्यालयों में भी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसके तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजाल टेबलेट दी जाएगी। इसको लेकर प्रधानाचार्य व उनके प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को एसबीएस इंटर कॉलेज में डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह की ओर से सभी प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापकों को आमंत्रित किया गया। डीआईओएस ने वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से भी इस मुहिम में सहयोग मांगा। आरबीएसके टीम के डॉ. पवन श्रीवास्तव ने बताया कि आगे निजी इंटर कॉलेजों में भी कक्षा 12 के विद्यार्थियों को 400 एमजी की एक टेबलेट छह महीने के अंतराल में दी जाएगी। टेबलेट भोजन के बाद खानी होगी। इससे पेट के कीड़े मरते हैं। जो भी पौष्टिक भोजन पेट में जाता है वह शरीर में बेहतर ढंग से ऊर्जा देता है। नोडल डॉ. ओपी गौतम ने भी जानकारी दी।

**संघर्ष** कानपुर मंडल प्रभारी ने अटेवा के कार्यों की समीक्षा की, मांगों के लिए संघर्ष जरूरी, पेंशन के लिए जारी रखें आंदोलन

# पुरानी पेंशन के लिए संगठन को मजबूत करें : पंकज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन के लिए अटेवा को मजबूत करना जरूरी है। मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पेंशन के लिए आंदोलन जारी रहना चाहिए। यह बात कानपुर मंडल प्रभारी पंकज शंखवार ने अटेवा के कार्यों की समीक्षा करते हुए की।

रविवार को शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि अटेवा युवा कर्मचारियों का समूह है। जो संघर्ष कर रहा है। इसमें कई विभागों के लोग जुड़े हैं। अटेवा का मुख्य उद्देश्य निजीकरण व नई पेंशन का विरोध करना है। कर्मचारियों से कहा गया कि सेवानिवृत्त होने के बाद जब पेंशन नहीं मिलेगी तो हालत क्या होगी, इस पर मंथन करना होगा।



केके इंटर कॉलेज में मौजूद शिक्षक व अन्य विभागों के लोग। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष प्रवीण पाठक ने कहा कि सिक्किम में भी पुरानी पेंशन शुरू हो गई है। अगर लोग इसी तरह आंदोलन करते रहे तो पूरे देश में सफलता मिलेगी। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुफियान अहमद ने कहा कि अन्य कोई संगठन बोलने को तैयार नहीं है, अटेवा ही पेंशन की लड़ाई अकेले लड़ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश पाल को ब्लॉक सदर का कार्यकारी अध्यक्ष, अजीत राजपूत को तालग्राम का अध्यक्ष बनाया गया। रवींद्र अंबेडकर को कार्यकारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोनित किया गया। इस मौके पर अनुज त्रिपाठी, सतेंद्र यादव, मनीष सक्सेना, राहुल प्रजापति, सर्वजीत आर्या, बृजेंद्र कमल, आलोक शुक्ला, अंकित कटियार, कौशलेंद्र सिंह शाक्य, अनुज यादव, सुभाष चंद्र, अजीत सिंह राजपूत, विद्याराम गौतम, विनोद कुशवाहा, राजेश पाल, संजीव कुमार, राजकुमार, कमल, राजेश पाल उपस्थित रहे।

**शिक्षकों ने बैठक में जताई नाराजगी :** शहर के हुमैरा बालिका इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। इसमें अध्यापकों के लंबित प्रकरणों पर चर्चा हुई। एनपीएस लेखा अद्यतन न होने के कारण डीआईओएस कार्यालय के प्रति नाराजगी जताई गई। एरियर व बोनल के भी प्रकरण लंबित होने पर बाबूओं पर लापरवाही का आरोप लगाया गया। बैठक में कहा गया कि बोर्ड परीक्षा तक यदि सभी प्रकरणों को निस्तारित नहीं किया गया तो परीक्षा के बाद कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### परिषदीय स्कूलों में 15 से ऑनलाइन व्यवस्था

**कन्नौज।** बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि जिले के परिषदीय स्कूलों में 15 फरवरी से ऑनलाइन व्यवस्था लागू होगी। इसके तहत छात्र-छात्राओं की हाजिरी, मिड-डे मील समेत 12 तरह के कामों के रजिस्टर ऑनलाइन होंगे। बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से इस बाबत आदेश भेजा गया है। 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालय हैं। बताया गया है कि सुबह नौ से 10 बजे तक छात्रों की उपस्थिति की जानकारी पहली अक्टूबर से 31 मार्च तक दी जाएगी। पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक समय आठ से नौ बजे तक रहेगा। इसी तरह मिड-डे मील की ऑनलाइन जानकारी पहली अक्टूबर से 31 मार्च तक दोपहर डेढ़ बजे तक और पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक दोपहर 12 बजे तक देनी होगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में दारा सराय ने जीता मैच

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रविवार को कस्बा समधन में चले रहे गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में दारासराय व डुडवाबुजुर्ग के बीच मैच खेला गया। लायंस क्रिकेट क्लब डुंडवाबुजुर्ग के कप्तान शाहरुख खान ने टॉस जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए डुंडवाबुजुर्ग की टीम ने 14 ओवरों में 148 रनों का लक्ष्य दिया। गौरी क्लब दारासराय के कप्तान पोंटिंग के नेतृत्व में लक्ष्य का पीछा करनी उतरी टीम के तीन खिलाड़ी तीन ओवरों में ही आउट हो गए। इसके बाद दारासराय टीम के खिलाड़ी आशू ने चौके-छक्के लगाते हुए 95 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। रोमांचक मैच में दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान समाजसेवी सैय्यद उसैब अहमद ने सहित आयोजक मौजूद रहे।



## एक नजर

### मां-बेटी को पीटकर किया घायल

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौली निवासी बृजकिशोर ने बताया कि शनिवार को शाम पांच बजे उनकी बेटी नेहा हैंडपंप से पानी भर रही थी। उसी समय रंजिश के चलते गांव के सर्वेश, शिवा व राजन ने बेटी को पीट दिया। उसने शोर मचाया तो उसकी पत्नी वहां पहुंची और बेटी को बचाने का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### रंजिश में युवक का सिर फोड़ा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हौदापुरवा निवासी भैयालाल आर्य ने बताया कि रविवार को वह अपने पैतृक गांव मौजमपुर आया था। दोपहर एक बजे के करीब गांव के अशोक पुत्र दुलारे ने उस पर हमला बोल दिया और मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायल को जिला अस्पताल भेज दिया।

### मुकदमा वापस न लेने पर युवती को पीटा

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला शेखपुरा निवासी आरती पुत्री रामदास ने बताया कि शनिवार को वह दरवाजे पर बैठी थी, तभी मोहल्ले के पप्पू पुत्र जगदीश, पप्पी पत्नी दीप सिंह, विजय लक्ष्मी पत्नी राजेश, मेघा पुत्री राजेश आए और पहले से दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बहन पिंकी जब बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भानपुर निवासी भारत सिंह पुत्र निरोत्तम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह बाहर गए हुए थे। घर पर पत्नी कैलावती व बहू प्रियंका मौजूद थीं, तभी गांव के कुछ लोग घर में घुस आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर प्रियंका के साथ मारपीट कर दी। बचाने आयी पत्नी कैलावती को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराई, 24 घायल

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, दिल्ली से बिहार जा रही थी

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** दिल्ली से बिहार जा रही तेज रफ्तार डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें 24 यात्री घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बस से बिहार भेजा गया। बताया जा रहा है कि चालक के नींद में होने के कारण यह हादसा हो गया। हादसे के बाद यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला।

रविवार सुबह तीन बजे के करीब आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर 148 के समीप एक प्राइवेट डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बस में अधिकतर यात्री नींद में थे और झटका लगते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में करीब 24 यात्री घायल हो गए। मामूली रूप से चुटहिल होने के कारण उनका यूपीडा टीम ने ही प्राथमिक उपचार किया। बताया जा रहा है कि बस में करीब 90 यात्री सवार थे, जो दिल्ली से बिहार के पटना जा रहे थे। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हो गया था। बस को टोल प्लाजा पर खड़ा करा दिया गया है और उसी ट्रैवल्स की दूसरी बस को बुलाकर यात्रियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। हादसे की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।




### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, पत्नी गंभीर

**तिर्वा, कन्नौज।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हालत नाजुक होने से उसे कानपुर रेफर किया गया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना इंदरगढ़ के अन्नतपुर गांव निवासी रामप्रताप (55) पुत्र जगन्नाथ अपनी पत्नी मिथलेश कुमारी को लेकर बाइक से शनिवार को तिर्वा आया था। देर शाम को वापस जाते समय जैसे ही अगौस गांव के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया। महिला की हालत नाजुक देखकर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान रामप्रताप की मौत हो गई। थानाध्यक्ष किसनपाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बच्चे की मौत

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** भाई के साथ मलिकंठपुर बाजार से कटिंग करा कर साइकिल से घर जाते समय तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सोनू की फाइल फोटो।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव नगला मदारी निवासी सोनू पुत्र वीर बहादुर (07) बड़े भाई धीरज के साथ साइकिल से रविवार को मलिकंठपुर बाजार कटिंग कराने के लिए आया था। वापस जाते समय नगला मदारी रघुनाथपुर मार्ग पर तेजी व लापरवाही से कंटेनर चला रहे चालक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सोनू की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। कंटेनर को थाने खड़ा कर दिया गया। सोनू कक्षा दो का छात्र था। पिता भट्टे पर मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करते हैं मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था।


कोतवाली में शस्त्रों की गिनती करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# मालखाना इंचार्ज को मिला शस्त्र, एमुनिशन का चार्ज

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** रिटायर उपनिरीक्षक राजकुमार अग्निहोत्री व उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह ने मालखाना इंचार्ज पवन कुमार शर्मा को शस्त्र, एमुनिशन का चार्ज सौंपा। इसमें शस्त्र, एमुनिशन की गिनती कराकर सुपुर्द किया गया।

बीते दो माह से मालखाना इंचार्ज का कार्यभार ग्रहण कर चुके पवन कुमार शर्मा को रिटायर उपनिरीक्षक ने शस्त्र, एमुनिशन का चार्ज सौंपा। इस दौरान शस्त्रों सहित आदि सामान की गिनती कराकर मालखाना इंचार्ज के सुपुर्द किया गया। रिटायर उपनिरीक्षक राजकुमार अग्निहोत्री ने बताया कि शस्त्र इंसास 30, एसएलआर 14, पिस्टल 24, पंपगन 05, टियरगन 05, एंटी राइटजन 05, कारवाइन 01 सहित डंडा, हैलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर को मालखान इंचार्ज के सुपुर्द किया गया है। इस दौरान निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# महिला शिक्षक संघ को मिली मान्यता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महिला शिक्षक संघ (वुमेन टीचर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश) को मान्यता मिल गई। संगठन की तीसरी वर्षगांठ पर जानकारी होने पर शिक्षिकाओं में उत्साह दिखा। एक निजी होटल में पदाधिकारियों व सदस्यों ने बैठक कर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की।

शिक्षा निदेशक वैयक्तिक सहायक डॉ. रामचंद्र ने सभी एडी बेसिक व बीएसए को पत्र जारी किया है। उसमें कहा है कि शिक्षिकाओं के हितों के लिए महिला शिक्षक संघ कार्य करता है। उसे नियमावली, 1979 के अधीन मान्यता दी गई है। जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया ने बताया कि यह संगठन महिला शिक्षकों के लिए है। संगठन की स्थापना की तीसरी वर्षगांठ भी मनाया गया है। अब बेसिक शिक्षा महकमे से जो भी जरूरी आदेश-निर्देश होंगे, उसकी जानकारी अब संगठन को भी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 1300 सदस्य हैं।

15 मुख्य पदाधिकारी भी हैं। इस मौके पर राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित रेनू कमल, महामंत्री नेहा आर्या, शैली मिश्रा, बॉबी मिश्रा, दीप्ती सिंह, आरती, अंजली तिवारी, मंजू पाल व गुंजन कटियार मौजूद रहीं।


महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ।

### ट्रक चालक पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जीटी रोड पर ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। हादसे में उसका बेटा घायल हो गया था। यह हादसा दस दिन पहले जीटी रोड पर बाईपास के निकट हुआ था।

कानपुर देहात के थाना शिवली अंतर्गत ग्राम औनहा निवासी रामू कुमार ने बताया कि एक फरवरी को उसके पिता बेचेलाल व भाई सुदामा बाइक से कन्नौज में एक रिश्तेदारी में जा रहे थे। जीटी रोड पर बाईपास के निकट एक ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया तथा भाई को कानपुर रेफर कर दिया गया।

# पांच लाख न देने पर ससुरालीजनों ने युवकी को पीटा, हुआ गर्भपात

कार्यालय संवादददाता, कन्नौज

- दे रहे तलाक की धमकी, एसपी के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट हुई दर्ज

**अमृत विचार।** दहेज में पांच लाख रुपये व कार न मिलने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा, जिससे उसका गर्भपात हो गया। ब्लीडिंग होने से उसकी हालत खराब हो गई, जिस पर परिजन उसे मायके ले आए। पीड़िता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। दस माह पहले महिला की नोएडा निवासी व्यवसायी के साथ शादी हुई थी।

शहर के मोहल्ला हर्षवर्धन नगर निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 21 मई 2023 को नोएडा के सेक्टर 62सी/603 स्वागतम् अपार्टमेंट निवासी अक्षत गुप्ता के साथ हुई थी। उसके पिता ने शादी में 25 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें 11 लाख रुपये की नगदी, जेवर व कपड़े दिए गए थे। इसके बाद भी ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और पांच लाख रुपये व कार की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वाले तलाक व पति की दूसरी शादी करने की धमकी भी दे रहे हैं। कई बार ससुरालीजनों को समझाया, लेकिन वह लोग दहेज की मांग कर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। इस दौरान जब वह गर्भवती हो गई तो ससुरालीजन गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगे। कई बार पति ने उसके पेट में लात मारी, जिससे उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई और उसकी हालत खराब हो गई। पति अक्षत गुप्ता, सास पूनम गुप्ता, ससुर रमन गुप्ता, जेठ अर्पित, जेठानी नेहा गुप्ता ने बेरहमी से पिटाई की तथा उसके सारे जेवरात व कपड़े छीन लिए। जब उसने मायके में सूचना दी तो उसके पिता व भाई नोएडा पहुंचे और मायके ले आए। यहां ब्लीडिंग के कारण उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से शिकायत की। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मामले की विवेचना सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी को दी गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बारिश और स्थल चयन के बीच फंसा सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 14 फरवरी को तय हुआ है कार्यक्रम, मौसम विभाग ने बारिश की चेतावनी जारी कर चौंकाया
- समय बदलने को लोग राजी नहीं, सुरक्षित व बड़ा स्थल ढूंढे नहीं मिल रहा है

**अमृत विचार।** शहर में 14 फरवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन होना है। मौसम विभाग ने उस दिन बारिश का अलर्ट जारी कर सबको चौंका दिया है। इससे सुरक्षित व बड़ा स्थल ढूंढे नहीं मिल रहा है। खास बात यह है कि लोग कार्यक्रम की तारीख बदलना नहीं चाहते हैं, जिससे अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ी हुईं हैं।

पूर्व में कन्नौज, गुगरापुर व जलालाबाद ब्लॉक और नगर पालिका क्षेत्र कन्नौज के जोड़ों के सामूहिक विवाह व निकाह शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में होते रहे हैं। उससे पहले तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर पाल चौराहा के निकट स्थित एक निजी गेस्टहाउस में भी कई बार सामूहिक विवाह के तहत सात फेरे व कुबूल-कुबूल की रस्में कराई गईं। इस बार भी पीएसएम पीजी कॉलेज में ही आयोजन की बात कही गई थी, लेकिन मौसम विशेषज्ञों ने 12 से 14 फरवरी के बीच बारिश, ओला व बौछार की चेतावनी जारी कर रखी है। चर्चा है कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोई जनप्रतिनिधि ही होता है।

इस वजह से बड़े मैदान की जरूरत पड़ती है। अगर बारिश हुई तो कार्यक्रम में खलल पड़ेगा। हाल या कमरे में शादी की रस्में निभाई जाएंगी तो जगह कम मिलेगी। इसमें जनप्रतिनिधियों को भाषण देने में समस्याएं आएंगी। दरअसल, 14 फरवरी को वसंत पंचमी भी है, इस वजह से यह मुहूर्त बेहतर माना जा रहा है। दूसरी ओर कुछ लोग समय बदलने को राजी नहीं हैं, जिस वजह से आयोजक परेशान हैं। खास बात यह भी है कि खराब मौसम में सभी जोड़ों का कार्यक्रम में आना भी मुश्किल होगा। करीब तीन दिन पहले तक 181 जोड़ों के पंजीकरण हो चुके थे।

# त्वचा का चित्र देख सॉफ्टवेयर बता देगा रोग

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** त्वचा पर होने वाले रोगों की पहचान के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसरों ने छात्रों के साथ शोध करके सॉफ्टवेटर तैयार किया है। इसके माध्यम से केवल त्वचा की फोटो देखकर रोग की पहचान कर ली जाएगा और फिर उसका इलाज किया जा सकेगा।

त्वचा रोग की समय पर पहचान न होने से समस्या धीरे-धीरे बढ़ जाती है। इससे इलाज करना मुश्किल हो जाता है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर अभिषेक बाजपेयी, प्रोफेसर नवीन तिवारी, छात्र यश शर्मा, राज पटेल ने चर्म रोग की पहचान के लिए छह माह कड़ी मेहनत से एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है। यह त्वचा की फोटो मात्र देखकर रोग की पहचान कर लेगा। त्वचा रोग की पहचान के बाद उसी हिसाब से उसका समय पर उपचार हो सकेगा।


प्रोफेसर अभिषेक बाजपेयी।


प्रोफेसर नवीन तिवारी


छात्र यश शर्मा


राज पटेल।

प्रोफेसर बाजपेयी ने बताया कि सॉफ्टवैयर त्वचा की फोटो देखकर रोग की पहचान कर लेगा। मुहांसा, जलस्फोटी, खुजली, पित्ती की फोटो देखकर पता चलेगा कि त्वचा में कौन सा रोग फैल रहा है। इसके हिसाब से ही इलाज किया जाएगा। उन्होंने शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय जनरल अलजेवियर में भेजा है जहां चुने जाने के बाद इसे पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद कोई कंपनी इसको खरीद कर उपयोग कर सकेगी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के केदार शाह सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों ने सभा कर समाज सेवी ओम प्रकाश दुबे एवं बैंक ऑफ बड़ोदा के केदार शाह क़ो शाल ओढ़ा कर एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा दिसम्बर एवं जनवरी माह में जिन साथियों का जन्मदिन पड़ता है, उन सभी क़ो सम्मानित किया गया। जिला मन्त्री विजय अवस्थी ने बताया कि सितम्बर से हमने यह अभियान शुरू किया है। अब तक आधा सैकड़ा लोगों क़ो सम्मानित किया जा चुका है। समारोह की अध्यक्षता राम प्रताप अवस्थी ने की तथा संचालन जिला मन्त्री विजय अवस्थी ने किया।

अंत मे बैंक के पूर्व निदेशक एवं आल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड एम आर अवस्थी क़ो श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञातव्य है कि अवस्थी का 23 दिसम्बर क़ो निधन हो गया था। समारोह में राजू टन्डन, रत्नेश शुक्ला, जय कुमार दवाणी, के एल सिंह, राकेश कुमार अग्रवाल, महेंद्र भारद्वाज, उमेश गुप्ता, *सुभाष गुप्ता, इंद्रजीत सिंह राजपूत, आर के वर्मा, बादशाह सिंह रहे।

## तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** तीन दिन पहले भैंसरी गांव में तमंचा लहरा कर धमकाने वाले आरोपित को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से तमंचा भी बरामद किया है। थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव भैंसरी निवासी कालेश्वर को 315 बोर तमंचा व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया 7 फरवरी को आरोपित कालेश्वर शराब के नशे में गाली गलौज कर तमंचा लहरा रहा था ,और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस संबंध में गांव के रामऔतार ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कराया था।

# कल से शुरू होंगी परीक्षाएं पहले मदरसों के इम्तिहान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 15 फरवरी से सीबीएसई और 22 से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं
- यूपी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा भी 17 व 18 फरवरी को होगी

**अमृत विचार।** जनपद में 13 फरवरी से कई तरह की परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा जो दो अप्रैल तक चलेगा। सबसे पहले मदरसा शिक्षा परिषद के इम्तिहान होंगे। उसके बाद सीबीएसई बोर्ड और माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाएं होंगी। इसी बीच 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती की भी लिखित परीक्षा होगी। 21 फरवरी से 28 मार्च तक आईसीएसई बोर्ड की भी परीक्षाएं चलेंगी।

जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी के प्रधानाचार्य एसके पांडेय ने बताया कि सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें तीन निजी विद्यालय और जवाहन नवोदय विद्यालय शामिल है। 15 फरवरी से सीबीएसई में हाईस्कूल के 13 मार्च को इम्तिहान खत्म हो जाएंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दो अप्रैल तक संचालित रहेंगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से मुंशी, मौलवी, कामिल व फाजिल आदि की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो जाएंगी जो 21 फरवरी तक चलेंगी। इसके लिए 11 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। 22 फरवरी से यूपी बोर्ड यानि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 100 केंद्रों पर शुरू होंगी जो नौ मार्च तक चलेंगी। इसके अलावा जनपद में यूपी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा भी 17 व 18 फरवरी को होनी है। एडीएम आशीष सिंह के मुताबिक परीक्षा के लिए 10 केंद्र ही बनाए गए हैं। बताया गया है कि पूर्व में 30 केंद्रों की संस्तुति जिले से भेजी गई थी।

धर्म-अध्यात्म

बाबा गौरीशंकर मंदिर में धूमधाम से की गई शिव परिवार की स्थापना

# मंगल गीतों संग निकली शोभायात्रा, हुई प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता ठठिया, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के बाबा गौरीशंकर मंदिर में शिव परिवार की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, युवतियों व युवाओं ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जयकारे लगाए। मंगलगीतों और भक्ति गीतों की धुनों पर युवा जमकर थिरके।

कस्बे के प्राचीन बाबा गौरीशंकर मंदिर पर गणपति, श्री कार्तिकेय जी, माता गौरी व नंदी बाबा एवं श्री लक्ष्मीनारायण सहित अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को देव प्रतिमाओं की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। शोभायात्रा सदर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर इंद्रेश्वरनाथ मंदिर से होते हुए मानीमऊ तिराहा से वापस पहुंची। शोभायात्रा में गोविंद ओमर व अवधेश ओमर के साथ सैकड़ों श्रद्धालु डीजे के साथ भगवान के रथ के पीछे जयकारा लगा रहे थे। आचार्य कमलेश अवस्थी ने बताया कि भगवान की प्रतिमाओं की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के बाद सनातन संस्कृति के अनुसार निर्धारित मुहूर्त समय पर प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।


ठठिया में शिव परिवार की पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### कबीर की भक्ति से नाश होते हैं पाप : संत रामपाल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पश्चिमी बाईपास पर स्थित श्री राम रिसोर्ट में मुनिंदर धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से प्रोजेक्टर के माध्यम से सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें संत रामपाल जी महाराज के शिष्यों के साथ-साथ जनसाधारण के लोगों ने भी सत्संग का लाभ उठाया। तत्वदर्शी संत रामपाल ने शास्त्रों से प्रमाण दिखाए जैसे- गीता अध्याय 15 श्लोक 17 में बताया है कि उत्तम पुरुष तो वह है जो तीनों लोकों में प्रवेश करके सबका भरण पोषण करता है, वही अविनाशी परमेश्वर है। पूर्ण परमात्मा कबीर जी की भक्ति करने से पाप नाश हो जाते है। भानु प्रताप दास, सन्तोष दास, सर्वेश दास, रामवीर दास, अरविंद दास व रामलखन दास रहे।

### बड़े भाग्य से मिलते हैं सदगुरु

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरु वो हैं जो हमें शिक्षा के बारे में बताते हैं। हमें सही मार्ग दिखाते हैं। बच्चे की सर्व प्रथम मां गुरु होती है। क्योंकि जो हमें सही मार्ग तक पहुंचाता वो गुरु होता है। जैसे कौरव व पांडव के गुरु ने उन्हें अस्त्र-शस्त्र कि शिक्षा दी। राम के गुरु ने आदर्शों में रहने की शिक्षा दी। श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से अर्जुन को शिक्षा दी। हमें पल पल ऐसे गुरु की आवश्यकता तो पड़ती रहती है। यह बात नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में सौरिख से आयी रिंकी यादव ने कही। शशि प्रभाकर के संचालन में हुए सत्संग में राजकुमार गुप्ता, वीरेंद्र, राम गोपाल, रविंद्र, सियाराम, राम रहीश, किरन राठौर, राधा, रिचा रहे।

# भक्त को हमेशा परमात्मा की ही चाह

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ की बहन मिथिलेश ने कहा कि इंसान ने भक्ति को अपनी जरूरतों की आपूर्ति का माध्यम बना लिया है।

कहा कि भक्त हमेशा परमात्मा की चाह रखता है। परमात्मा से ही प्रेम करता है। जो भक्त होते हैं वह सांसारिक सुख को छोटा मानकर परमात्मा की भक्ति के आनंद में ही सबसे ज्यादा सुख महसूस करते हैं। भक्ति करके अपना जीवन सुखद बनाते हैं। संत सदैव जो कुछ भी सुनते हैं। उसे अपने आचरण में लाते हैं। जिस प्रकार पशु चारा खाते हैं। वह अपने मुंह के अंदर एकत्र कर लेते हैं। फिर बाद में वह धीरे-धीरे उसको चबाते हैं। इसी प्रकार संत विचार को सुनते हैं। फिर उसकी चर्चा करते हैं और वह विचार उनके अंतर मन में उतर जाते हैं। मन में उतरने के बाद वह फिर कर्म में आ जाते हैं। वह हर विचार पर मनन और चिंतन किया करते हैं। इससे उनके कर्म निरंतर सुंदर होते जाते हैं। इसीलिए संत सदैव जनहित की बात करते हैं। वह कभी भी अपने लिए नहीं जीते। जिस तरह एक नदी बहकर मनुष्यो की प्यास को बुझाया करती है। वृक्ष मनुष्य को सुंदर पुष्प व स्वादिष्ट फल दिया करते हैं। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, वीरभान, ईश्वर दयाल, आसाराम, देवेंद्र, सुमित, रामबाबू, छोटे लाल, आकाश, राम बहन, छाया, दिशा, मिथिलेश रहे।


संत निरंकारी सत्संग में प्रवचन करती बहन मिथिलेश। अमृत विचार

# नहर पुल की डिजाइन तय अप्रैल से बनने की उम्मीद

## शासन से नहर पुल के लिये 282 लाख स्वीकृत, जाम से मिलेगी निजात

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में निचली गंगा नहर पुल पर बड़े वाहन के संचालन बंद होने से आवागमन की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। इस समस्या से निजात पाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने नहर पर पुल निर्माण के लिए शासन को एस्टीमेट पिछले वर्ष जुलाई में भेजा था। जिसकी शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इसके बाद निर्माण समिति ने दिबियापुर आकर नहर पुल का सर्वेक्षण किया और अपनी रिपोर्ट मुहैया करा दी।

बताते चलें आपको औरैया कन्नौज मार्ग के दिबियापुर नगर क्षेत्र में 169 वर्ष पुराने जर्जर नहर पुल पर सात माह पहले जून माह में भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया था। इससे नहर पार लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दिबियापुर कन्नौज, तिर्वा, सहायल फर्रुखाबाद के बड़े व्यापारियों का सामान औरैया से नहीं पहुंच पा रहा है। नहर पुल के अत्यंत जर्जर होने के कारण जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा पुल के दोनों और हाइटगेज को लगा दिया गया था। जिससे प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहन प्रवेश न कर सकें। वहीं दिव्यापुर से फर्रुखाबाद कन्नौज कानपुर जाने वाली बसों की आवागमन में भी अवरुद्ध हो गया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने नहर पुल के लिए शासन को खाका तैयार करके भेजा। इसके बाद नवंबर माह में लखनऊ से आई टीम ने इस पुल का सर्वे किया और अपनी रिपोर्ट भेज दी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक यादव ने बताया दिबियापुर नहर पुल का निर्माण कार्य अप्रैल माह से शुरू होने की पूरी उम्मीद है। इसके लिए शासन स्तर से 282 लाख रुपये का बजट भी जारी हो गया है। इस पुल की डिजाइन भी बनाकर तैयार हो गई है। शासन से डिजाइन की अनुमति मिल गई है। इस पुल में ईंट का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

जानकारी के लिए बता दें कि दिबियापुर के नहर पुल का निर्माण सन 1855 में हुआ था। इसकी आयु 100 साल दी गई थी। जो अब पूर्णता समाप्त हो गई है। इसके बाद भी बड़े वाहनों का आवागमन जारी रहा। अधिशाषी अभियंता अभिषेक यादव ने बताया कि दिबियापुर नहर का पुल बॉक्स कलवर्ट तकनीक से बनाया जाएगा। इस तकनीक में सीमेंट के बॉक्स बनाए जाते हैं। जिससे यह पुल दूसरे पुलों की तुलना में काफी मजबूत होते हैं। इसमें केवल सरिया और सीमेंट का इस्तेमाल होता है। नहर क्लोजर के दौरान पिछला हिस्सा एवं दीवार निर्माण ढलाई करके ही पूरा किया जाएगा। ऊपरी हिस्से की ढलाई नहर संचालन के दौरान पूरी कर ली जाएगी। टेंडर की प्रक्रिया इसी माह तक पूरी होने पर कार्य को गति दी जाएगी।



दिबियापुर नहर पुल। अमृत विचार

### 12 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा दिबियापुर का नहर पुल

दिबियापुर कस्बा में बनाए जाने वाला नहर का पुल पूर्व की ओर 12 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इसके बाद दोनों और दो मीटर में रेलिंग के साथ पैदल चलने की जगह दी जाएगी। जिससे दिबियापुर जाम की समस्या से निजात मिल सके। पीडब्ल्यूडी विभाग ने तय किया है कि पुराने पुल से कंचौसी की ओर बनने वाले नए पुल की दूरी के लिए सिंचाई विभाग से सहमति मांगी गई है। अब नए पुल के स्थान चयन को लेकर समिति विचार विमर्श कर रही है। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता पीएस पटेल ने बताया हमारी पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से बात हो चुकी है नए पुल के साइड सिलेक्शन के लिए समिति द्वारा सर्वे भी हो चुका है। पुल को बनाने की स्वीकृति भी दे दी गई है।

### मकान की टूट-फूट से सशंकित व्यापारी व स्थानीय लोग

सिंचाई विभाग के अनुसार जब नहर का नया पुल पुराने पुल से 12 से 15 मीटर की दूरी पर बनेगा। तो उसके लिए आवागमन का रास्ता भी दिया जाएगा। इस प्रस्तावित नये नहर पुल को लेकर पुल पर निवास करने वाले लोग एवं व्यापारी तोड़फोड़ की आशंका को लेकर बहुत सशंकित है। विभागीय कर्मियों की अनुसार नहर पर नया पुल के लिए रास्ता भी दिया जाएगा। ताकि वाहन आसानी से नहर पुल से पार हो सकें। वहीं स्थानीय लोगों ने बीच का रास्ता निकाले जाने की मांग की है। ताकि दुकान एवं मकान की तोड़फोड़ न हो।

### पूर्व की ओर रिटेनिंग वाल के बाद ही बनेगा नया पुल

कंचौसी की ओर नहर के पानी का संचालन के लिए रेगुलेटर लगा है। जिससे पानी की गति को कम ज्यादा किया जाता है। उसके बाद रिटेनिंग वाल के बाद ही पुल का निर्माण संभव है। यह नया पुल पुराने पुल से लगभग 12 से 15 मीटर की दूरी पर ही बन सकेगा।

## विप्र वंश ने बैठक कर बनाई रणनीति

**औरैया।** दिबियापुर कस्बे के बेला रोड पर रविवार को विप्र वंश की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश कुमार चतुर्वेदी ने की। बैठक के प्रारंभ में पंडित राजेश पांडेय द्वारा यज्ञ कराया गया। बैठक में शादी योग्य लड़के एवं लड़कियों की जो भी जानकारी हासिल हुई। उसे शिव कुमार दुबे द्वारा एक रजिस्टर में अंकित किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज के शादी योग्य लड़के और लड़कियों की जो भी जानकारी जिन लोगों को हासिल हो सके।

# अंत्येष्टि स्थलों पर चला सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति औरैया द्वारा यमुना तट के सौंदर्यीकरण हेतु यमुना तट पर स्थित शमशान घाटों पर समिति के सदस्यों द्वारा विगत 9 वर्षों से अनवरत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रविवार को अंत्येष्टि स्थलों पर 157 वें चरण का सफाई अभियान चलाया गया।

सफाई अभियान के उपरांत यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में समिति की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी दिनेश चंद्र शिवहरे ने की। बैठक में गड्ढों में तब्दील अंत्येष्टि स्थलों के समतलीयकरण पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष बाढ़ आने के कारण अंत्येष्टि स्थल काफी समय तक पानी से भर जाते हैं। जिससे शमशान स्थल तमाम गड्ढों में तब्दील होकर बदहाल हो जाते हैं। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए जेसीबी मशीन द्वारा यमुना तट पर समतलीकरण का कार्य समिति द्वारा प्रतिवर्ष कराया जाता है। समिति के संस्थापक ने बताया कि यमुना तट के समतलीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कराया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से बैंक से सेवानिवृत शेखर गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, योगेश गुप्ता, मोहित आदि रहे।



यमुना घाट पर सफाई करते संस्था के पदाधिकारी।

- यमुना तट के समतलीकरण के लिए बैठक में विचार विमर्श किया गया

# अराजकतत्वों ने लकड़ी की दुकान में लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** स्थानीय लकड़ी मंडी पेंच में शनिवार की रात नामजद अराजकतत्वों ने प्रो. पाठक की लकड़ी आढ़त दुकान में आग लगा दी। आग की लपटे एवं धुंआ देखकर प्रदर्शनी के दुकानदारों एवं लोगों में हड़कंप मच गया।

मौके पर पहुंचे मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर दमकल कर्मचारी गाड़ी समेत मौके पर पहुंचे और अथक परिश्रम कर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक दुकान में रखा लकड़ी का सामान कपड़े एवं अभिलेख व नकदी जलकर खाक हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में यह चौथी बार आगजनी की घटना हुई है। आग लगने से उनका करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हो गया है। बताया कि शनिवार की शाम अराजकतत्वों से आपस में कहा सुनी हो गई थी, जिसके चलते घटना को अंजाम दिया गया है। स्थानीय लकड़ी मंडी प्रदर्शनी ग्राउंड के सामने शनिवार की रात करीब पौने नौ बजे नामजद अराजकतत्वों ने लकड़ी आढ़त संचालक योगेश कुमार पाठक की दुकान में आग लगा दी। जिससे आढ़त की कोठरी में रखे चार लकड़ी के तख्त, एक नई साइकिल, एक बड़ा बक्सा, अभिलेख एवं लगभग 25 हजार की नकदी जलकर नष्ट हो गई। आग लगने से धुंआ एवं आग की लपटे उठने लगी, जिससे प्रदर्शनी में मौजूद दुकानदारों एवं पास- पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया। आग लगने की जानकारी पर वह तुरंत आढ़त पर पहुंचे, इसके साथ ही फायर स्टेशन को आग लगने की जानकारी दी। जिस पर दमकल कर्मचारी फायर ब्रिगेड गाड़ी समेत मौके पर पहुंचे और अथक परिश्रम कर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब-तक दुकान में रखा उपर्युक्त सामान एवं नकदी आदि जलकर खाक हो चुकी थी। आढ़त संचालक पाठक ने बताया कि अराजकतत्वों से शनिवार की शाम कुछ कहा सुनी हो गई थी। ब्रह्मनगर चौकी इंचार्ज हेमंत चौधरी मौके पर पहुंचे थे और वह मामले को रफादफा करने में लगे रहे। उन्होंने बताया कि शहर के मोहल्ला बैहन टोला निवासी अनिल शुक्ला, सेतु शुक्ला, ऋषि शुक्ला, प्रेम नारायण शुक्ला व पवन शुक्ला आदि लोगों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। इस आशय की रिपोर्ट लिखाने के लिए उन्होंने कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। कहा कि लकड़ीमंडी पेंच के सामने ही प्रदर्शनी चल रही है, इसके अलावा पास में ही कोऑपरेटिव बैंक एवं रोडवेज डिपो, पेट्रोल पंप आदि मौजूद है। अच्छा रहा की आग ने विकराल रूप नहीं ले पाया, अन्यथा बड़ी घटना घटने से इनकार नहीं किया जा सकता है। उनकी लकड़ी आढ़त दुकान में आगजनी की घटना को चौथीबार अंजाम दिया गया है।



आग के बाद जला पड़ा सामान। अमृत विचार

- मौके पर दमकल समेत पहुंचे कर्मचारी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू



वार्ता के दौरान जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

# 31 मार्च को होगा व्यापारी होली मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी राजाभैया की उपस्थिति में पदाधिकारी बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन के विस्तार, मजबूती और वार्षिक सदस्यता बढ़ाने पर काफी चर्चा हुई और संगठन में कई प्रस्तावों पर सहमति भी बनी। सभी की सहमति से 31 मार्च को व्यापारी होली मिलन समारोह का निर्णय लिया गया।

नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज ने कहा कि आप सभी प्रत्येक बैठक में शत प्रतिशत उपस्थित रहें और संगठित रहें, आप सभी पर किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नगर महामंत्री धीरज शुक्ला ने जिले के प्रमुख स्टेशन फफूंद में ट्रेनों के ठहराव के अभाव पर भी चर्चा की और ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने के लिये पिछले कई महीनों से प्रत्येक माह की 2 तारीख को अनवरत रेलवे को ज्ञापन देते आ रहे हैं। युवा नगर अध्यक्ष सौरभ दुबे के प्रस्ताव संगठन के पदाधिकारियों की बैठक माह में दो बार करने पर सभी ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की और इसी क्रम में अगली पदाधिकारी बैठक 25 फरवरी को होगी। अंत में संगठन के उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता के भाई के स्वर्गवास होने पर सभी ने शोक व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी राजाभैया, नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज, महामंत्री धीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता शक्ती, युवा नगर अध्यक्ष सौरभ दुबे, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

- संगठन के विस्तार और मजबूती पर हुई चर्चा

## भूमि को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**कुदरकोट, औरैया।** जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें शिवराम दिवाकर की पुत्रवधु सरोज देवी घर पर काम कर रही थी। उसी समय पड़ोस में रह रहे अंकित , आशा पत्नी रामचंद्र व ज्योति उर्फ राजन पुत्री रामचंद्र व रामचंद्र पुत्र रामस्वरूप ने एकराय होकर शिवराम दिवाकर की जगह पर अवैध कब्जा करने लगे। शिवराम दिवाकर की पुत्रवधू ने विरोध किया तो सरोज देवी के साथ झगड़ा करने लगे और सरोज देवी की मारपीट कर दी, जिससे सरोज देवी के सिर में चोटें आयीं हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।

# संपंन हुई आरओ व एआरओ की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोक सेवा आयोग की ओर से प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी चयन परीक्षा रविवार को दो पालियों में 15 केंद्रों पर संपन्न कराई गई। जिले से लिए आवंटित कुल 6655 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 32.63 फीसदी ने परीक्षा छोड़ दी। नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो इसके लिए स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट दोनों पालियों में अलर्ट मोड पर रहे।

सुबह की पाली में साढ़े नौ बजे से पहले ही परीक्षार्थियों को स्कूलों के अंदर दाखिल करा लिया गया। इस दौरान बारी-बारी से छात्रों को चेकिंग के बाद कक्षों में जाने दिया गया। वहीं सीसीटीवी कैमरों के जरिए परीक्षा के दौरान कंट्रोल रूम से नजर रखी गई। सुबह की पाली में जहां कुल पंजीकृत 6655 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4497 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 2158 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं दूसरी पाली में 4470 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 2185 छात्रों ने दूसरी पाली की परीक्षा से किनारा किया।

औरैया शहर से लेकर अजीतमल में पुलिस का अमला परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर तैनात रहा। किसी तरह की गलत गतिविधि न हो इसे लेकर गहनता से नजर रखी गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़भाड़ की स्थिति न बने इस लेकर लोगों को सजग किया जाता रहा।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम प्रकाश यादव ने बताया कि 15 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न करा ली गई है। किसी तरह की अव्यवस्था सामने नहीं आई है। जिले के लिए कुल पंजीकृत 6655 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 67.37 फीसदी लोगों ने परीक्षा दी है। जबकि 32.63 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं। दोनों पालियों में सेक्टर मजिस्ट्रेट से लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा पैनी नजर रखी गई है।

- पहली पाली में 2158 तो दूसरी पाली में कुल 2185 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# इंटर के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित आरएस मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज में इंटर मीडिएट के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक शिव महेश दुबे ने की। बच्चों ने सरस्वती मां पर दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों का स्वागत उपहार स्वरूप प्रदान किया। मुख्य अतिथि विपिन तिवारी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि बच्चों को पूर्ण लगन के साथ तैयारी करनी चाहिए और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण संघर्ष की आवश्यकता है। प्रदीप मिश्रा ने बताया मंजिल प्राप्त करने के लिए अनवरत प्रयास और कोशिश करनी चाहिए जीवन में कोई बड़ा लक्ष्य नहीं जिसे विद्यार्थी प्राप्त न कर सके। प्रबोध चतुर्वेदी ने बताया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू ने बताया कि जीवन बहुत कठिन है, संघर्ष पूर्ण है। आपको मेहनत करने की आवश्यकता है मेहनत एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से सफलता प्राप्त होती है। बच्चों ने बताया कि विद्यालय से मुझे असीम प्रेम व लगाव है। हमें यहां से अनुशासन, व्यक्तित्व संबंधी निर्माण रचनात्मक क्रियाकलाप के माध्यम से विद्यालय द्वारा हमारा विकास किया गया है । हमें अपने विद्यालय पर गर्व है और आजीवन हम अपने विद्यालय और गुरुओं के प्रति श्रद्धा भाव रखेंगे यही हमारे आचरण की पहचान है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू, अनुपम, विवेक, गोपाल, आयुष द्विवेदी, विशाल, अमन, राहुल, अपर्णा, रितु, रवीना, शिवा आदि मौजूद रहे।

# हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** लीवर की बीमारी से बीते वर्ष पिता की हुई मौत के बाद मां की भी बाइक से गिरकर घायल हो गईं और उपचार के दौरान सैफई में उनकी मौत हो गई।

कस्बे के आदर्श नगर निवासी अमन गुप्ता के पिता ईश्वर दयाल गुप्ता की लीवर की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। अमन व उसका परिवार अभी उनके गम को भुला भी नहीं पाये थे कि उनकी मां गीता देवी कैथावा मोड़ के पास बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयीं। गीता देवी को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान बीते दिवस उनकी मौत हो गई।

समाजसेविका गीता देवी की मौत पर पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता एल एस, जिला उपाध्यक्ष भाजपा भुवन प्रकाश गुप्ता, अभय सिंह सेंगर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, गिरीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, रमेश गुप्ता नरायण, स्वर्णकार कृष्ण कुमार उर्फ छुट्टू, मनोज शुक्ला आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### कार का टायर बदल रहे चालक को ट्रक ने रौंदा

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के फायर स्टेशन के पास कार का टायर बदल रहे चालक को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एटा जनपद निवासी निक्की कार चालक है। वह मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम गए थे। रात एक बजे बागेश्वर धाम से वापस लौटते समय नेशनल हाईवे पर अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में फायर स्टेशन के सामने कार पंचर हो गई। कार चालक निक्की कार का टायर बदल रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मारते हुए ड्राइवर निक्की को रौंद दिया। घायलावस्था में निक्की को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

अभियान | जिलाध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यकर्ता गांव में बने प्रवासी, लोगों से पूछी समस्याएं व दिया समाधान का आश्वासन

# भाजपाइयों ने गांवों में बिताई रात और बताई उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार एवं जनपद औरैया के जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में गांव चलो अभियान कार्यक्रम हुआ। जिसके तहत बूथ संख्या 198 ग्राम पंचायत दहगांव मंडल दिबियापुर विधानसभा 203 दिबियापुर लोकसभा 41 इटावा में कार्यकर्ता प्रवासी रहे। वहीं, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार अग्निहोत्री (प्रधानाचार्य) ने ग्राम में जनता को प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

पार्टी के बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर अग्रिम लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव भी दिए। इसके साथ नए मतदाताओं से भी संपर्क किया। जिसमें मुख्य रूप से बूथ अध्यक्ष कमलेश दिवाकर, शिक्षक प्रकोष्ठ के विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य बूथ महामंत्री सुभाष चंद्र जोशी, लाभार्थी प्रमुख राजेश पाल, कृष्ण चंद्र मिश्रा एवं बीएलओ शिशुपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार



लोगों के साथ मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने गांव-गांव जाकर गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**अजीतमल, औरैया।** तहसील क्षेत्र में भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान के तहत रविवार को भाजपाइयों ने प्रवास कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को बताया और पत्रक भी वितरित किए। वहीं, बूथ, पन्ना प्रमुख भी सत्यापित किए। रविवार को भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह ने औरैया विधनसभा क्षेत्र के अंतर्गत अयाना सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने अपने बूथों पर प्रवास कर प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। बूथ की बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर अग्रिम लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। कहा कि अपने सुझाव भी दिए नए मतदाताओ से भी संपर्क किया।

# मुख्य अभियंता ने तीन अवर अभियंताओं पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मुख्य अभियंता, कानपुर द्वितीय क्षेत्र राम प्रकाश गुप्ता के द्वारा एक गेस्ट हाउस में जिले के दोनों डिवीजनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उपकेन्द्रों में तैनात कुशल व अकुशल श्रमिकों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अभियंता द्वारा उपकेन्द्रों में तैनात कुशल व अकुशल श्रमिकों, लाइनमैनों की सेफ्टी को मानकों को ध्यान में रखते हुये उपकेन्द्रों में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया ।

उर्जा मंत्री व उर्जा प्रबन्धन के अवाहन पर विद्युत विभाग द्वारा फरवरी माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाये जाने के उद्देश्य को सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साझा करते हुये मुख्य अभियंता ने शहर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु उपकेन्द्रों में परिवर्तकों के आस पास साफ सफाई एवं क्षतिग्रस्त परिवर्तकों की मरम्मत करने, उपकेन्द्रों में जम्फर एवं इन्सुलेटर बदलने तथा जर्जर केबिल बदलने हेतु किये जा रहे अनुरक्षण कार्यों की गहन समीक्षा की।

मुख्य अभियन्ता ने राजस्व वसूली की धीमी प्रगति व खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हुये तत्काल प्रभाव से तीन अवर अभियन्ताओं के वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगायी गयी एवं चार अन्य को चेतावनी दी ।कार्यालय सहायकों की पत्रावली को चेक कर कार्य में तेजी लाने एवं उपभोक्ताओं के साथ सदव्यवहार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने हेतु सार्थक कदम उठाने हेतु निर्देशित किया व समस्त लाइन स्टाफ को प्रोत्साहन योजना के बारे में बताकर एक नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया, इस मौके पर अधीक्षण अभियन्ता ब्रजमोहन, अधिशाषी अभियन्ता औरैया लेखराज व अधिशाषी अभियन्ता दिबियापुर ई. नेहा सिंह , अधिशाषी अभियन्ता परीक्षण खण्ड औरैया संजय कनौजिया रहे।

- राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर तीन जेई के वार्षिक वेतन वृद्धि पर लगाई रोक

"मुख्य अभियन्ता, कानपुर द्वितीय क्षेत्र राम प्रकाश गुप्ता ने जिले के दोनों डिवीजनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उपकेन्द्रों में तैनात कुशल व अकुशल श्रमिकों के कार्यों की गहन समीक्षा की।

# गेहूं की खरीद के लिए प्रशासन ने कसी कमर

## पंजीकरण के लिए किसानों से जनसंपर्क करने में जुटे केंद्र प्रभारी

कार्यालय संवाददाता औरैया



क्रय केंद्र की फाइल फोटो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन गेहूं खरीद की तैयारियों में जुट गया है। केंद्र प्रभारी किसानों से जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। किसानों को गेहूं बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनपद की औरैया, बिधूना और अजीतमल सहित तीनों तहसीलों में अब तक 423 किसानों ने अपने पंजीकरण कराए हैं।

जिले में इस बार 15 मार्च से गेहूं खरीद होगी। इसके लिए खाद्य विभाग के सात, पीसीएफ के 34, पीसीयू के 06, यूपीएसएस व एफसीआई के 3-3 कुल 53 केंद्र खोले दिए गए हैं। पिछले दिनों नोडल अधिकारी/एडीएम महेंद्र पाल सिंह ने केंद्र प्रभारियों की बैठक में गेहूं खरीद के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों के पंजीकरण कराने के निर्देश दिए थे। जिसको लेकर केंद्र प्रभारियों ने गांव, मंडी स्थित

**▸▸ अब तक गेहूं बेचने के लिए 423 किसानों ने कराया पंजीकरण**

गोदामों पर कैंप लगाकर किसानों को गेहूं की बिक्री के लिए पंजीकरण कराने के लिए अभियान शुरू किया है। ब्लॉक अछल्दा के गांव बोड़ेपुर में केंद्र प्रभारी ने शिविर लगाकर किसानों को पंजीकरण कराने की अपील की। इसी तरह ब्लॉक सहार में आराधना, गिरी, गांव सुरेंदा में केंद्र प्रभारी शैलेश कुमार, ब्लॉक बिधूना के गांव सुखचैनपुर में केंद्र प्रभारी रामनयन व मंडी समिति दिबियापुर में केंद्र प्रभारी प्रदीप ने किसानों से पंजीकरण कराने की अपील की। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि अब तक औरैया, अजीतमल व बिधूना तहसील में 423 किसानों ने पंजीकरण कराया है।

## दो लोगों की मौत से नगर में छाया शोक

**बिधूना, औरैया।** शनिवार की रात्रि नगर पंचायत के पूर्व सभासद और एक पूर्व लिपिक की हुई आकस्मिक मौत से नगर एवं क्षेत्र में शोक का माहौल है।

शनिवार की शाम को नगर पंचायत के पूर्व लिपिक भिखरा निवासी आमोद दुबे की हुई आकस्मिक मौत पर नगर एवं क्षेत्र के लोग अभी शोक में डूबे ही थे कि रात्रि में नगर पंचायत के पूर्व सभासद एवं समाजसेवी रघुनाथ सिंह सेंगर की आकस्मिक हुई मौत से नगर एवं क्षेत्र के लोगों में शोक का माहौल है। जैसे ही नगर एवं क्षेत्र के लोगों को जानकारी हुई तो भारी संख्या में उनके घर पहुंच गए। रविवार को दिवंगत पूर्व सभासद रघुनाथ सिंह सेंगर का कन्नौज के गंगा घाट पर दाहसंस्कार कर दिया गया है। जबकि आमोद दुबे का उनके गांव में दाह संस्कार कर दिया गया है। समाजसेवियों की मौत पर सांसद सुब्रत पाठक, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, प्रमोद कुमार गुप्ता, आदर्श कुमार मिश्रा दीपू सिंह सेंगर, अमित बाथम ललतू, रिया शाक्य, अशोक चौहान, गौरव सेंगर, पुनीत सविता, नूर मोहम्मद, सर्वेश तोमर, रविन्द्र प्रताप आदि रहे।

# संघर्ष से घबरायें नहीं, सफलता जरूर मिलेगी

कार्यालय संवाददाता ,इटावा




संवाद में उत्कृट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को मेडल देतीं ऋचा राय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समारंभा फाउंडेशन की ओर से साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेज चौगुर्जी पर तनाव प्रबंधन को लेकर कार्यशाला हुई। जिसमें इटावा के नामचीन विद्यालयों के 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में परीक्षा फोबिया और तनाव से बचने के बारे में छात्र छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। तनाव के बजाय विषय से संबंधित सामग्री का सही तरीके से चयन करने की सलाह दी गई।

फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय, किरण मित्तल एवं डॉ श्रृति सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का प्रारंभ किया। ऋचा राय ने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता रूपी संघर्ष ही हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करता है। गिरकर ही उठना सीखा जा सकता है। संघर्ष के स्वागत के लिए सदैव तत्पर रहो। संघर्ष रूपी वनवास को स्वीकार कर ही श्री राम ने प्रभु राम तक की यात्रा पूर्ण की और पृथ्वीवासियों को कर्म एवम संघर्ष का संदेश दिया।

कार्यशाला में डॉ. श्रृति सिन्हा ने विद्यार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श



दिया। उनकी दैनिक गतिविधि, नींद आदि विषय पर विस्तारपूर्वक बात रखी। साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेज के निदेशक आनन्द मित्तल ने

**▸▸ तनाव प्रबंधन को लेकर हुई कार्यशाला**

**▸▸ तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने को कहा**

कार्यशाला को छात्र हित में एक अपरिहार्य प्रसंग बताया। उन्होंने छात्रों को परीक्षापूर्व टिप्स भी दिए। संचालन कर रहे प्रबंधक संजीव चतुर्वेदी ने कई प्रेरक प्रसंग सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया। जिज्ञासु छात्र छात्राओं ने वक्ताओं से कई प्रकार के प्रश्न किए।

कार्यशाला संवाद में कुशल प्रदर्शन हेतु केशवी वर्मा, अनुप्रिया सिंह, हंसिका, आयुष यादव ,दीपांशु, सक्षम वर्मा ,सक्षम चौहान, आयुष यादव, वंश पटेल को फाउंडेशन की अध्यक्ष द्वारा मेडल पहनाकर पुरष्कृत किया गया। कार्यशाला में किरण मित्तल, श्यामला पाण्डे, प्रीति शर्मा , एडवोकेट नेहा आदि विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## प्रधान के सहयोग से गोवंशों को भेजा गया गौशाला

संवाददाता, फफूंद, औरैया



लोडर पर लदे गोवंश।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव बरौआ में बेसहारा गोवंशों के झुंड फसलों का नुकसान कर रहे थे जिससे किसान परेशान हो उठे, ग्राम प्रधान के सहयोग से किसान बारह से अधिक गोवंशों को पकड़ कर तर्रई गोशाला ले गए ।

क्षेत्र के गांव बरौआ में बेसहारा गोवंशों का झुंड कई दिनों से किसानों की गेहूं, जौ, मटर और सरसों की फसल का नुकसान कर रहा था। किसान रात भर जागकर फसलों की रखवाली करने को मजबूर थे इसके बाद भी मौका मिलते ही गोवंशों का झुंड खेतों में घुस जाता था। जिससे गांव के किसान काफी परेशान थे। किसान राजकुमार, महेश, रामचंद्र, संतोष, केवल तिवारी, विवेक पांडेय, सुरेश तिवारी आदि ने बताया की क्षेत्र में गोवंश फसलों का काफी नुकसान कर रहे हैं। तमाम बार ब्लाक में शिकायत की पोर्टल पर भी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान सुशीला पांडेय ने उन लोगों की परेशानी को समझा और उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से शनिवार रात 12 से अधिक गोवंशों को पकड़वाकर तर्रई गोशाला में भेजा, जिससे किसानों को कुछ राहत मिली है।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव दुर्वसपुर में किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब परिजनों ने किशोरी का शव फांसी के फंदे से लटकता देखा तो कोहराम मच गया।



माला।

गांव दुर्वसपुर निवासी माला पुत्री रामकरन ने रविवार को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के चचेरे भाई अवधेश कुमार पुत्र राम अवतार ने बताया कि वह अधिक समय से बीमार होने के कारण हताश होकर कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसका इलाज दिल्ली से चल रहा था। सभी परिवारीजन दिल्ली में रहते हैं।

# चकरोड पर पड़ी मिट्टी व गड्ढों से गिरकर घायल हो रहे किसान

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**▸▸ नहर की सफाई कराकर मिट्टी को चकरोड पर डाल दिया गया**

**▸▸ ठेकेदार ने कहा एक दो दिन में लेबलिंग करा दी जायेगी**



चकरोड पर फैली पड़ी मिट्टी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग की अनदेखी से किसानों का हाल बेहाल है। फिलहाल मामला मंगलपुर रजवाहा के दहगांव माइनर के निकट जमौली का है। किसानों ने बताया माइनर की सफाई जेसीबी से कराई गई। लेकिन जो मिट्टी निकली उसे चकरोड पर डाल दिया गया है, जिससे मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर लग गये है और गड्ढे भी बने हुए हैं।

इसलिये किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान गिरकर चोटिल भी हो गए है। समस्या समाधान को लेकर किसान बबलू कमलेश विमल आशीष, रामविलास छोटे आदि ने कई बार सिचाई विभाग के अभियंताओं के यहां गुहार लगाई लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। वहीं ठेकेदार इंद्रपाल सिंह पाल को फोन करके अवगत कराया गया। ठेकेदार किसानों को कई दिनों से आश्वासन दिए हुए है।लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। वहीं, ठेकेदार से बात हुई उन्होंने बताया एक दो दिन में मिट्टी की लेबलिंग करके चकरोड सही कर दिया जायेगा।

## सबमर्सिबल को लेकर हुआ झगड़ा, दो घायल

संवाददाता बिधूना औरैया



**अमृत विचार।** रास्ते की जगह पर सबमर्सिबल लगाये जाने को लेकर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरगपुर में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जहां से एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। रविवार को अपराह्न कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरगपुर में रास्ते में राकेश सिंह सेंगर के द्वारा सार्वजनिक रास्ते की जगह पर सबमर्सिबल पंप लगाये जाने का अरविंद सिंह सेंगर व उनके पुत्र अमित सेंगर ने विरोध किया जिस पर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा और लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें राकेश सिंह, अमित सिंह और अरविंद सिंह घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद राकेश सिंह सेंगर को मिनी पीजीआई सेंफई रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती ने कहा कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# पौत्र ने सोशल मीडिया पर जीवित बाबा को दे दी श्रद्धांजलि

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**▸▸ बाबा का आरोप, बेटा व पौत्र उसके पास बचा मकान हड़पने की मंशा से ऐसा कर रहे हैं**

**▸▸ पीड़ित बाबा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बेटे व पौत्र पर की कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार।** नोएडा में रह रहा कलयुगी पौत्र नगर निवासी अपने बाबा का मकान हड़पने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर उसे मृत घोषित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पौत्र की इस करतूत से आजिज बाबा ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना की वृद्ध की तरफ से तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

बांगरमऊ नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज निवासी मिथिलेश पुत्र राम खेलावन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा बीनू और पौत्र अभिषेक उर्फ कन्हैया परिवार समेत नोएडा में रहते हैं। बताया कि उसने सन-2014 में पत्नी की मौत के बाद अपनी सारी जायदाद अपने बेटे बीनू के नाम कर दी थी। बीनू सारी जायदाद बेचकर परिवार के साथ नोएडा में रहने लगा। बताया कि अब उसके पास बांगरमऊ नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज में सिर्फ एक मकान बचा है। जिसमें वह अकेले रहता है। उसकी विधवा बेटी मधु उसके साथ रहकर उसकी देखभाल और सेवा करती है। इसीलिए उसने अपना मकान मधु को दान कर दिया है। अब यह मकान भी बीनू बेचना चाहता है। इसी उद्देश्य से बीनू का बेटे अभिषेक अपने नाना-नानी व मां के कहने पर उसे सोशल मीडिया पर मृत घोषित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। साथ ही अभिषेक व बीनू उसकी बेटी मधु और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। मिथलेश ने पुलिस से बेटे व पौत्र के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## आरोग्य मेले में पहुंचे 89 मरीजों का हुआ परीक्षण

**पुरवा।** रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले में त्वचा, पेट दर्द, बुखार के रोगी पहुंचे। जिनमें 89 लोगों की सेहत जांचने के बाद दवाईयां दी गई।

स्वास्थ्य केंद्र पासा खेड़ा में 15 मरीजों में त्वचा व पेट दर्द, बुखार व खासी के पहुंचे। जहां डा. अंजली सिंह ने रोगियों को देखकर दवाइयां दीं। वहीं स्वास्थ्य केंद्र चमियानी में डा. राज लक्ष्मी दोहरे ने 22 मरीजों में त्वचा, फीवर के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसी तरह स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोला में डॉ. चारु जैन ने 52 मरीजों में बुखार, त्वचा व दस्त के रोगियों को दवाइयां दीं।

## कोतवाली के मंदिर में प्रेमी प्रेमिका का हुआ विवाह

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती का कहना है कि वह डेढ़ वर्ष पूर्व परिजन शादी करने के लिए पड़ोसी गांव के युवक को देखकर तय करने गये थे। जिस पर घर आकर युवक ने उसे पसंद भी कर लिया था। लेकिन युवक के पिता ने पहले बेटी की शादी करने की बात कही थी।

वहीं युवक ने कहा कि एक वर्ष से हम दोनों के बीच फोन पर बात करने का मामला प्रेम प्रसंग में बदल गया था। वह हैदराबाद में सटरिंग का काम करता है। युवती की मां ने बताया कि चार फरवरी को बेटी 400 रुपये लेकर मेकअप का सामान लेने की बात कह घर से निकली थी। बेटी के वापस न आने पर खोजबीन की तो पता चला कि जिस युवक से शादी की बात हुई थी वह उसी के पास चली गई है। शनिवार को दोनों पक्षों ने आपस में बैठकर शादी को रजामंदी दी। रविवार को युवक-युवती व उनके परिजन कोतवाली पहुंचे और वहां मंदिर में एक दुसरे के साथ जीने का वचन लिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि दोनो पक्षों में समझौता हो गया है। कोतवाली में बने मंदिर में शादी करके युवक-युवती परिवार के साथ अपने घर चले गये हैं।

## सार-संक्षेप

### यमुना नदी में आखेट को बनेगी समिति

**इटावा।** यमुना नदी के किनारे मत्स्य आखेट कार्य से जुड़े मछुआ समुदाय के लोग अपनी समिति बनाकर सामूहिक रूप से मत्स्य आखेट करने के लिए यमुना नदी के किनारे आठ आठ किलोमीटर का जल क्षेत्र बनाकर का आवंटित किया जाएगा। सहायक निदेशक गायत्री पांडे ने बताया कि सरकार की मंशा है कि मछुआ समुदाय के लोग मत्स्यआखेट कार्य से जुड़कर अपना कार्य जीवन स्तर सुधर सके। इसलिए यमुना नदी के किनारे आठ आठ किलोमीटर पर एक समिति का गठन किया जाएगा।

### नौ दिवसीय रामकथा 14 से

**महेवा, इटावा।** ब्लाक क्षेत्र महेवा के अन्तर्गत ग्राम रतनपुर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 14 फरवरी से 22 फरवरी तक होगा। 23 फरवरी को विशाल भंडारा होगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंदावा-रतनपुर निखिल पाल ने बताया कि रामकथा वाचक आचार्य भानु तिवारी होंगे।

### कार ने ई-रिक्शा चालक को मारी टक्कर, सैफई रेफर

**अजीतमल औरैया।** अजीतपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाबरपुर फफूंद रोड पर सरकारी शराब ठेका के पास तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा चालक संदीप को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में अमन कुमार ने राहगीरों की मदद से सीएचसी अजीतमल लाए जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए सैफई रेफर कर दिया है। राहगीरों ने बताया कि यूपी 32 एलएस 7431 टाटा नेक्सन कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए ई रिक्शा चालक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

राजनीति

**पीडीए पखवाड़े के तहत प्रदेश के प्रत्येक गांव में चौपाल लगाकर लोगों को किया जा रहा है जागरूक**

# सामाजिक न्याय ही समाजवादी आंदोलन का मूल मंत्र है : मृदुला

संवाददाता सैफई, इटावा



ब्लाक प्रमुख मृदुला यादव को मुकुट पहनाते महावीर सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर चल रहे पीडीए पखवाड़े के तहत प्रदेश के प्रत्येक गांव में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

सैफई ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कथुआ में सपा के जिला सचिव महावीर सिंह यादव के आवास पर आयोजित चौपाल में ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव ने कहा कि समाजवादियों ने हमेशा से सामाजिक न्याय, समता, समानता, भाईचारा की लड़ाई लड़ी है। सामाजिक न्याय सदैव से ही समाजवादी आंदोलन का मूलमंत्र भी रहा है। सभी समाजवादी आंदोलन के नेताओं का निर्विवाद और आमसहमति से यह मानना रहा है कि जो समाज आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा है, उसे विशेष अवसर प्रदान कर समाज और विकास के मुख्य धारा में लाया जाए। वर्तमान भाजपा सरकार में पिछड़ों-दलितों-आदिवासियों को आरक्षण के नाम मिले इस विशेष अवसर को समाप्त करने की साजिश रच रही है। उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही पीडीए जनपंचायत के बारे में कहा कि पीडीए एक ऐसा जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य समाज के पिछड़े, - दलित, शोषित और वंचितों को उनके हक अधिकार के प्रति जागरूक करना और भाजपा सरकार की दलित और पिछड़ा विरोधी नीतियों से आगाह करना है। सपा जिला सचिव महावीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है। आगे कहा कि समाजवादी पार्टी शोषित, पीड़ित, वंचित समाज को सम्मान, संवैधानिक अधिकार और राजनीतिक भागीदारी देने के लिए संकल्पित है। इस मौके पर जिला सचिव महावीर सिंह यादव ने ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव का चांदी का मुकुट पहनकर एवं शाल उड़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर जसवंतनगर विधानसभा सपा के अध्यक्ष रामनरेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शाक्य, राजवीर बाबा, मोहित शाक्य, जनवेद भोजवाल प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सपा, राजेंद्र जाटव उर्फ निराला जिला अध्यक्ष संस्कृति प्रकोष्ठ, विपिन यादव कथुआ आदि मौजूद रहे।

### चौपाल लगाकर गिनाईं सपा की नीतियां

**बिधूना, औरैया।** रविवार को कस्बे के आयोजित पीडीए जन चौपाल में समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि मिठाई लाल ने जहां कार्यकर्ताओं को संविधान बचाने का संकल्प दिलाया। वहीं, कहा यदि इस बार भी चूके तो भाजपा संविधान खत्म कर देगी। उन्होंने कहा पीडीए एक आंदोलन ही नहीं बल्कि एक विचार है। जिसकी अवधारणा 1956 में ही बाबा साहब आंबेडकर एवं डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने की थी। कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए पीडीए बनाया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक भावनाओं को भड़का कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विनोद यादव काका सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर, विधायक रेखा वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश गौतम, सुभाष कठेरिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुमन दिवाकर, रानू, उमा सिंह यादव आदि ने पीडीए को मजबूत करने का अनुरोध किया।

## दिव्यांग व्यापारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**▸▸ सुबह कमरे में शव लटका देख बेहाल हुए परिजन**

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत घर की ऊपरी मंजिल में बने कमरे में दिव्यांग बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन कमरे में पहुंचे तो उसका शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके।

बांगरमऊ नगर क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी अखिलेश (40) पुत्र बृजकिशोर मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किए था। उसके पिता बीते शनिवार छोटे बेटे पवन व बहू के साथ मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने मैनपुरी गए थे। घर में अखिलेश और उसकी पत्नी सीमा व बेटा अर्पित के अलावा बड़ा भाई सोनू व उसके बच्चे मौजूद थे। रविवार सुबह अखिलेश ने घर की ऊपरी मंजिल स्थित अपने कमरे में गया और छत के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बेटे ने पिता का शव लटका देख शोर मचाया। परिजनों ने आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर पिता व छोटा भाई घर पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची ने मौके की जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने की वजह नहीं बता पाए हैं।

